देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–196 I सागर, सोमवार, 4 सितंबर 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

माफियों ने काट डाले सागौन के हरे वृक्ष, वन विभाग को नहीं फिक्र पृष्ठ 3

- इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया
- केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना पृष्ठ 4

- 2 मजदूरों ने 12 दिनों में बना दिया डग प्वाइंट पृष्ठ 6

बिजली कटौती से जनता परेशान पृष्ठ 7

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, कहा-

अल्पवर्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने पूरी ताकत से काम करेंगे

यह दिए निर्देश

- किसानों को सिंचाई के लिए परामर्श जारी करें
- फसलों को बचाने के लिए डेम से पानी छोड़े
- ग्रामीण युवाओं को रोजगार दें

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल्पवर्षा के कारण प्रदेश में खरीफ फसलों के बचाने, बिजली की बढ़ती मांग, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने और पेयजल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से जारी रखने की संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए राज्य सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि वे भगवान महाकाल से प्रार्थना करने कल उज्जैन जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में अल्पवर्षा की स्थिति से निपटने के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगस्त माह में वर्षा बहुत कम हुई है। अल्पवर्षा के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं। खरीफ की फसलें संकट में हैं। इस संकट की स्थिति से निपटने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। इसके लिए बेहतर व्यवस्था भी करेंगे । डेम से पानी छोड़कर फसलों को बचाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाता रहेगा। पेयजल और निस्तार के पानी की व्यवस्था करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल उपयोगिता समिति की बैठक जल्द कर लें। जहां पानी उपलब्ध है वहां डेम से पानी छोड़ने की व्यवस्था करें। डेमों का परीक्षण कर लें। डेमों में अभी कितना पानी उपलब्ध है, इसकी जानकारी भी लें। जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। किसानों को सिंचाई के संबंध में एडवाइजरी जारी करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली की बेहतर व्यवस्था करें।

एक देश-एक चुनाव पर बोले राहुल- यह भारतीय संघ पर हमला है

नई दिल्ली, एजेंसी। 'एक देश-एक चुनाव' के मुद्दे पर राजनीति गर्मा गई है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इंडिया यानी भारत, यह राज्यों का संघ है।'वन नेशन-वन इलेक्शन' का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला है। सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए। 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर कमेटी बनाने की यह नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का हथकंडा है। 2024 में लोगों के पास 'वन नेशन वन सॉल्यूशन' है- भाजपा के कुशासन से छुटकारा पाना।

सरकार ने बनाई है 8 सदस्यीय कमेटी

'एक देश-एक चुनाव' के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के लिए सरकार ने शनिवार को आठ सदस्यों का नाम जारी किया। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी का नाम शामिल है। कांग्रेस ने इस समिति को संसदीय लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश बताया।

मैं इस कमेटी में काम नहीं करूंगा : अधीर

कमेटी में नाम आने के बाद अधीर रंजन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि मैं इस समिति में काम नहीं करूंगा। इसका गठन ऐसे किया गया है कि नतीजे पहले से तय हो सकें। आम चुनाव से पहले ऐसी समिति सरकार के गुप्त मंसूबों की ओर इशारा करती है, जिसमें संवैधानिक रूप से एक संदिग्ध व्यवस्था को लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को शामिल नहीं करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

कोविंद से मिले कानून मंत्रालय के अधिकारी

देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर बनाई गई समिति सक्रिय हो गई है। शीर्ष अधिकारियों ने समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को प्रारंभिक जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति से मुलाकात की। कोविंद लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने की संभावना पर और इस सिलसिले में सिफारिशों के लिए बनाई गई समिति के अध्यक्ष हैं।

खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक

संसद के विशेष सत्र को लेकर बनेगी रणनीति

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को अहम बैठक बुलाई है। बैठक में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। बैठक खड़गे ने राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर बुलाई है।

राहुल-प्रियंका का रिश्ता आम भाई-बहन जैसा नहीं : भाजपा

भाजपा ने राहुल और प्रियंका गांधी के रिश्ते पर तंज कसते हुए एक वीडियो जारी किया है। इसके कैप्शन में लिखा- राहुल गांधी और प्रियंका का रिश्ता एक आम भाई-बहन जैसा नहीं है। प्रियंका राहुल से तेज हैं, पर राहुल के इशारे पर ही पार्टी नाच रही है, सोनिया गांधी भी पूरी तरह राहुल के साथ हैं। घमंडिया गठबंधन की बैठक से प्रियंका का गायब होना यूं ही नहीं है। बहन का इस्तेमाल सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए किया जा रहा है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने चित्रकूट के मझगवां से किया जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ, कहा-

भाजपा को मिलेगा भरपूर आशीर्वाद, फिर बनेगी सरकार

सतना, देशबन्धु। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहा कि जब हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लगे हैं, चांद और सूरज को जीतने की कोशिश में लगे हैं। जब दुनिया के सबसे ताकतवर देशों के प्रतिनिधि भारत में जी-20 के लिए एकत्र हो रहे हैं। ऐसे समय में गठबंधन हमारी संस्कृति, धर्म, संस्कारों पर और भारत की सोच पर बहुत आघात करने का प्रयास कर रहा है। यह बात उन्होंने चित्रकूट के मझगवां से 'जन आशीर्वाद यात्रा' के शुभारंभ अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि देश को विकास के पथ आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। बीते 9 सालों में लगभग साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं, अत्यंत गरीबी एक प्रतिशत से भी कम है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9.5 करोड़ गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन दिया गया। अब इसे विस्तार देते हुए और 75 लाख गैस कनेक्शन जारी किए जाएंगे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हर गैस सिलेंडर पर 2 सौ रुपए की सब्सिडी भी दी है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति गैस सिलिंडर पर 4 सौ रुपए की बचत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 9 साल में ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज भारत मोबाइल उत्पादन में दूसरे स्थान पर, स्टील उत्पादन में दूसरे स्थान पर और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि कल ही हमने आदित्य एल-1 की सफल लॉन्चिंग की है।

श्री नड्डा ने कहा कि दो दिन पहले मुंबई में कुछ परिवारवादी गठबंधन के लोग, इंडी अलायंस घमंडिया गठबंधन के लोग एकत्रित हुए थे। राहुल गांधी ने जो अपनी मुहब्बत की दुकान चलाई है, उनकी मुहब्बत की दुकान में नफरत बिक रही है। आइये, हम यह संकल्प लें कि ऐसे गठबंधन को जमीन से उखाड़ कर फेंक देंगे।

रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

इससे पहले नड्डा ने जन आशीर्वाद यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद गणेश सिंह, यात्रा सह प्रभारी विनोद गोटिया, सह प्रभारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती रीति पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और पार्टी प्रत्याशी सुरेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

नड्डा ने उपलब्धियों के दिए आंकड़े

भाजपा ने बीमारू राज्य को विकसित प्रदेश बनाया

श्री नड्डा ने कहा कि कुछ दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष रखा था। हम जनता को बताएँगे कि हमारी सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश की क्या स्थिति थी और आज मध्यप्रदेश विकास में कहाँ तक पहुंचा है। 2002 से पहले मध्यप्रदेश शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ और बीमारू राज्य था। आज यह विकसित प्रदेश के रूप में जाना जाता है। 2002 में मध्यप्रदेश में जनता की पर प्रति व्यक्ति आय केवल 11,171 रुपये थी, आज यह 1.40 लाख रुपये है। 2002 में केवल 7000 किमी सड़क बनी थी, आज 5 लाख किमी से अधिक सड़क है। 2002 में एमपी में मेडिकल सीटें केवल 620 थी, आज 4000 से अधिक हैं। हमारी सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश में केवल 310 कॉलेज थे, आज 536 हैं। पहले केवल 23 इंडस्ट्रियल एरिया थे, आज 112 इंडस्ट्रियल एरिया है। श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वच्छता, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, पीएम स्वामित्व योजना, पीएम मातृत्व वंदन योजना, पीएम स्वनिधि योजना और पीएम आवास योजना में देश में पहले स्थान पर है। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने पीएम आवास योजना की लिस्ट दिल्ली पहुँचने ही नहीं दी थी। इसके बावजूद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केवल तीन वर्षों में एमपी को पीएम आवास योजना में नंबर एक पर पहुंचा दिया है।

श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के कार्यकाल में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। प्रदेश में अगले दो सालों में 34 रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण होगा। इसकी आधारशिला कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री ने रखी है। नेशनल हाइवे पर 33 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। नर्मदा एक्सप्रेस हाइवे के लिए 31 हजार करोड़ रुपये, चंबल एक्सप्रेस हाइवे के लिए 8000 करोड़ रुपये और इंदौर से भोपाल तक मेट्रो के लिए लगभग 710 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं। मध्यप्रदेश में केंद्र सरकार ने 14 मेडिकल कॉलेज दिए हैं। एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट 750 मेगावाट का रीवा में लगा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत तो पुलिस भर्ती में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है। प्रदेश के विकास की यह रफ्तार बनी रहे, इसके लिए प्रदेश में फिर से कमल का खिलना जरूरी है।

जनता से बोले शिवराज-

कांग्रेस के झांसों में न आएं, हमें जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आमजन से आव्हान किया कि कांग्रेस के झूठे वादों के झांसों में नहीं आना है। 2003, 2008, 2013 और 2018 में भरपूर आशीर्वाद विंध्य की जनता का हमें मिला था। इस बार भी हमें जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। श्री चौहान ने कहा कि दोरी सागर बांध का अब काम शुरू होने जा रहा है। पहले यहां डाकुओं का आतंक था, लेकिन हमने डाकुओं का सफाया कर दिया। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी और नर्मदा जी का संगम होगा। नर्मदा जी का पानी दोरी सागर तक लाएंगे, उसके बाद मंदाकिनी तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार बारिश कम हुई है, किसान चिंतित हैं, लेकिन चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार इस विपत्ति से मुक्त कराएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी झूठ बोलते रहे कि कर्ज माफ करेंगे, लेकिन उन्होंने किसानों को डिफॉल्टर बना दिया। कमलनाथ ने तो सारी योजनाएं बंद कर दी, कांग्रेस गंदगी और भ्रम फैला रही है। गंदे आरोप लगा रही है। पहले कांग्रेस ने 900 वादे किए पर एक भी पूरा नहीं किया।

हर गरीब के जीवन को बदलने का काम कर रही सरकार : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 11 साल 11 महीने और 11 दिन इस क्षेत्र में बिताने वाले श्रीराम की धरती से जन आशीर्वाद यात्रा का आज आगाज हुआ है। भाजपा ने इस मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने का कार्य किया है। हर गरीब के जीवन को बदलने का काम भाजपा सरकार कर रही है। हमने केवल वादे-नारे नहीं दिए, जनता के काम किए हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो किया है, उसके आधार पर जन आशीर्वाद लेने के लिए हम निकले हैं।

सुरजेवाला ने साधा निशाना, कहा-

भाजपा को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा को जन आशीर्वाद नहीं, बल्कि क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए। उन्होंने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जनता उन्हें क्या भ्रष्टाचार, 50 प्रतिशत कमीशन, महंगाई, बेरोजगारी, अनुसूचित जाति-जनजाति और महिलाओं पर अत्याचार के लिए आशीर्वाद दे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वरिष्ठों को अपमानित किया और जबरन घर बैठा दिया। हमारी संस्कृति में जो भी बुजुर्गों का तिरस्कार करता है, उसे भगवान भी माफ नहीं करते हैं। इन्होंने तो भगवान महाकाल तक को नहीं छोड़ा। श्री महाकाल महालोक मामले की जांच लोकायुक्त द्वारा कराई जा रही है। भाजपा बिखर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कर्ज के दलदल में उतार दिया है। 20 वर्षों में प्रदेश पर 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण हो गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान घबराहट में हैं, इसलिए आनन-फानन में घोषणाएं कर रहे हैं।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है। बेरोजगारी चरम पर है, भर्ती परीक्षाओं के नाम पर एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं, महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती और उपज का मूल्य न मिलने से किसान परेशान हैं, ऐसे में इन्हें जनता से आशीर्वाद नहीं क्षमा मांगने यात्रा निकालनी चाहिए।

भाजपा का अपराधबोध जागा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश को 20 वर्ष में पीछे धकेलने के बाद अब भाजपा का अपराध बोध जागा है, इसलिए वह जनता के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि इन 2 दशकों में तो मध्य प्रदेश इतना शक्तिशाली हो जाना चाहिए था कि जनता को लुभाने के लिए झूठी घोषणाएं नहीं करनी पड़ती।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगा आयोग का दल, आज से 3 दिन तक होंगी बैठकें

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल के साथ आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल 4 सितंबर को भोपाल आएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में तीन दिवसीय दौरे पर भोपाल आ रहा आयोग का दल 4 से 6 सितंबर तक निर्वाचन संबंधी विभिन्न तैयारियों की समीक्षा करेगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 4 सितंबर को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और एनफोर्समेंट एजेंसियों तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ बैठक होगी। 4 सितंबर को ही रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा विशेष कवर एनवलप, स्वीप कैलेंडर का अनावरण और मतदाता जागरुकता गीत जारी किया जाएगा। साथ ही युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी होगा। इस मौके पर जनजाति कलाकारों द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समीक्षा बैठक के दूसरे दिन 5 सितंबर को आयोग द्वारा सभी 52 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सभी 10 संभागों के कमिश्नर एवं आईजी के साथ बैठक की जायेगी। तीसरे दिन 6 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों के साथ बैठक करेंगे।

9 और 10 सितंबर को होगा सम्मेलन

जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा करेगा नेत्र एयरक्राफ्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 सम्मेलन में अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपति समेत ब्रिटेन और जापान के प्रधानमंत्री भी आएंगे। भारत विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था कर रहा है।

भारतीय वायुसेना हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए स्वदेशी सर्विलांस और मॉनिटरिंग एयरक्राफ्ट 'नेत्र' तैनात करने की तैयारी कर रही है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट फरवरी 2019 में बालाकोट स्ट्राइक के समय भी चर्चा में था। तब पाकिस्तानी एफ-16 लड़ाकू विमानों की निगरानी के लिए इसे तैनात किया गया था। दिल्ली की हवाई सुरक्षा के लिए मिसाइलें भी तैनात की जाएंगी। सेना के हेलिकॉप्टर एयर पेट्रोलिंग करेंगे। इनमें एनएसजी कमांडो रहेंगे। समारोह स्थल के आसपास बड़ी और ऊंची इमारतों पर सेना और एनएसजी तैनात होंगे। पहली बार एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है, यानी समिट के दौरान पतंग भी नहीं उड़ेगी। समिट की सुरक्षा के लिए दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे भी लगाए गए हैं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ये कैमरे तुरंत सुरक्षा अधिकारी को अलर्ट मैसेज भेज देंगे। जहां विदेशी मेहमान ठहरेंगे, वहां एंटी ड्रोन सिस्टम और बुलेट प्रूफ शीशे लगवाए गए हैं।

थाली में होगा भारतीय स्ट्रीट फूड व मिलेट्स

सम्मेलन के लिए आ रहे विश्व नेताओं को चांदनी चौक के स्पेशल फूड और मिलेट्स के अलावा स्ट्रीट फूड परोसा जाएगा। जी-20 इंडिया के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी के मुताबिक शिखर सम्मेलन के लिए 10 हजार से ज्यादा लोगों के दिल्ली आने की उम्मीद है। इसके लिए शेफ मेनू को फाइनल टच देने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे हैं।

मेहमानों के लिए बुलेट-प्रूफ कारें मंगाई गईं

जी-20 सम्मेलन के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं। ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाएगा। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के 450 जवानों को इन कारों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई है।

जी-20 बैठकों को लेकर चीन की आपत्ति खारिज

प्रधानमंत्री बोले- देश के हर हिस्से में बैठक होना स्वभाविक

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह स्वभाविक है कि जी-20 की बैठकें देश के हर हिस्से में आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री ने चीन की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिनमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी-20 बैठकों का आयोजन होने पर नाराजगी जताई थी। भारत की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगहों पर जी-20 की बैठकें आयोजित की गईं।

अलग-अलग हिस्सों में आयोजित हुई बैठकें

भारत की संस्कृति और विविधता को दर्शाने के लिए सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 की बैठकें आयोजित की थी। ये बैठकें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी आयोजित की गईं थी।

इस पर चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश को और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को 'विवादित' मानते हैं। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि 'यह सवाल उस वक्त वैध होता अगर हमने उन जगहों पर बैठकें करने से परहेज किया होता। हमारा देश विशाल और विविधताओं से भरा है। जब देश में जी20 बैठकें हो रही हैं तो ये स्वभाविक है कि यह देश के हर हिस्से में आयोजित की जाएंगी।' पर्यटन के मुद्दे पर जी-20 वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक 22 मई को श्रीनगर में हुई थी। इस दौरान चीन को छोड़कर अन्य जी20 देशों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में शिरकत की थी। वहीं मार्च में अरुणाचल प्रदेश में भी जी-20 की बैठक हुई थी।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी में फ्री वाई.फाई सेवा का शुभारंभ किया

बांदरी के 2750 परिवार आवासीय भूखंडों के मालिक बने

बांदरी, देशबन्धु। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यहां के बस स्टैंड प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में बांदरी नगर परिषद के 2750 परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार के नि:शुल्क आवासीय पट्टों का वितरण करके भूखंड का मालिक बना दिया। नव गठित बांदरी तहसील का शुभारंभ करते हुए 9.16 करोड़ की लागत से तहसील भवन सह आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया साथ ही बांदरी नगर में फ्री वाई.फाई सेवा का शुभारंभ किया। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने आज आपको भूखंड का मालिक बनवाया है, इस भूखंड पर एक साल के भीतर आवास बनवाकर आपके अपने घर का सपना भी अपनी भाजपा की सरकार ही पूरा करेगी। आज से बांदरी तहसील का कामकाज शुरू हो जाएगा। बांदरी तहसील का भवन सबसे अच्छा और सुविधाओं से लैस हो इसके लिए 9.16 करोड़ की लागत से कार्यालय का भवन और अधिकारी कर्मचारियों के आवासों का निर्माण भी आज शुरू हो गया। आगे बांदरी में एसडीएम कार्यालय भी स्वीकृत कराएंगे। तहसील और नगर परिषद बन जाने से बांदरी क्षेत्र की जनता को अब मालथौन, खुरई जाने की परेशानी से मुक्ति मिल गई है। आज से फ्री वाई.फाई सुविधा की शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं और युवाओं से कहा कि यह युग इंटरनेट और वाई फाई का है। अच्छी शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि जैसे सभी क्षेत्रों में इंटरनेट के उपयोग से उपयोगी जानकारियां सुलभ होती हैं। इसीलिए फ्री वाई.फाई सेवा उपलब्ध कराई गई है। अब आप सभी कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल चलाओ और अपने जीवन को रचनात्मक और सृजनात्मक बनाओ। खुरई विधानसभा क्षेत्र के 43 मेधावी बच्चों को मुफ्त स्कूटर दिए गए थे। शिक्षा ही समृद्ध और सुखी बनाएगी समाज को। बांदरी अस्पताल को 30 बिस्तर का बनाया जा रहा है। 5 करोड़ की लागत से बांदरी अस्पताल का नया भवन बनाएंगे। 25 लाख की लागत से निर्मित भवन में संजीवनी क्लीनिक शुरू कर रहे हैं जहां डाक्टर से उपचार के साथ मुफ्त दवाइयां भी मिलेंगे। बांदरी में एक और गौशाला स्वीकृत करते हुए सीएमओ को निर्देश दिए कि एसडीएम से 20 एकड़ उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवंटित कराएं और एक महीने में भूमि की फेंसिंग कर गौशाला तैयार करें। पूर्व से संचालित गौशाला में राजेंद्र जैन के आग्रह पर श्री सिंह ने भूसा आदि रखने के लिए शेड और बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य स्वीकृत किया। श्री सिंह ने एसडीओपी को निर्देश दिए कि क्षेत्र में गौकशी की शिकायत मिली है जिसको बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एक भी गोवंश, मवेशी कसाईयों के हाथ नहीं लगे यह सुनिश्चित करें। गौकशी की एक भी घटना होने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। रानी अवंतीबाई लोधी पार्क में 50 लाख की लागत से कीर्ति स्तंभ का निर्माण कार्य स्वीकृत किया। बांदरी में सुराज कालोनी बनाने की भी घोषणा की। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि खुरई और मालथौन में पं. दीनदयाल रसोई के माध्यम से 5 रु थाली की भोजन व्यवस्था आरंभ हो चुकी है, शीघ्र ही बांदरी में भी यह व्यवस्था आरंभ की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने मूड़री में हनुमान जी का मंदिर और सामुदायिक भवन तथा मोहली में मंदिर व चबूतरा निर्माण कार्य स्वीकृत किए। सीएमओ बांदरी को निर्देश दिए कि जैन मंदिर के चारों तरफ की साफ सफाई कराकर सीसी रोड और पेवर्स लगा कर क्षेत्र को सुंदर बना दें। उन्होंने बताया कि बांदरी में विद्युत व्यवस्था की सप्लाई के लिए 80 पोलए 6 नये ट्रांसफार्मर, 4 किमी की नई विद्युत लाइन, डेढ़ किमी की 11 केवी लाइन की व्यवस्था कराई है। इससे बांदरी, पिथौली, नेतना और आगासिर्स की विद्युत वितरण व्यवस्था सुधरेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, महिलाओं, भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने हिस्सा लिया।

आज मालथौन व खुरई में पट्टा वितरण और मालथौन में फ्री वाई.फाई सेवा का होगा शुभारंभ

मंत्री भूपेंद्र सिंह आज मालथौन और खुरई में आयोजित समारोहों में भूस्वामित्व अधिकार योजना के तहत नि: शुल्क पट्टा वितरित करेंगे। मालथौन में फ्री वाई.फाई सेवा का शुभारंभ और नगरपरिषद भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया जाएगा। दोपहर 12 बजे बस स्टैंड परिसर में आयोजित समारोह में पट्टा वितरण, संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ, नगरपरिषद भवन का भूमिपूजन होगा। मालथौन से श्री सिंह दोपहर 2 बजे खुरई के महाकाली टीनशेड पहुंचेंगे जहां पट्टा वितरण करेंगे।

पुलिस ने कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिक से अधिक अवैध शस्त्र, अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था निर्देश के पालन में मुखबिरान को सक्रिय किया गया, जो 3 सितम्बर 23 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि भगतसिह वार्ड में एक व्यक्ति हाथ में देशी कटटा लेकर लहरा रहा है एवं आम लोगो को भयभीत कर रहा है। मुखबिर की सूचना तस्दीक टीम बनाकर मौके पर जाकर की गई जो एक व्यक्ति हाथ में देशी कटटा लिए लहराकर आम नागरिकों में दशरथ फैला रहा था जिसे घेराबंदी कर पकडा एवं समक्ष गवाहान तलाशी ली गई। जो आरोपी रामेश्वर जाटव पिता मुन्नालाल जाटव निवासी विवेकानंद वार्ड के पास एक देशी कटटा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी रामेश्वर जाटव आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना गढ़ाकोटा में पूर्व से कई मामले पंजीबद्ध है।

सार-समाचार

कार से ले जा रहे 81 लीटर अवैध शराब को थाना केंट पुलिस ने पकड़ा

सागर, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा जिले के समस्त थानो को अवैध जुआ, शराब, सट्टा मादक पदार्थ के संबंध में अधिकाधिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में रविवार को रात्रि गश्त के दौरान रात करीब 2 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की सेंट्रो कार में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर सिविल लाईन की ओर जा रहे हैं, जिसमें तत्काल कार्यवाही हेतु आदेश प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक यश बिजौरिया के नेतृत्व में थाना अंतर्गत टीम गठित कर त्वरित रेड कार्यवाही की गई। जिसमें पुलिस को खेल परिसर के सामने एक सफेद रंग की सेंट्रो कार आ रही थी, जो पुलिस का अपनी ओर आते देख कार का ड्रायवर कार को वहीं छोड़कर भागने लगा, जिसका पुलिस स्टाफ द्वारा पीछा किया, जो अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया, मौके पर कार की तलाशी ली गई, जिसमें से 9 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 81 लीटर कीमती 29,250 रू की जप्त की गई। सेंट्रो कार के चालक के विरूद्ध थाना केंट में अपराध क्रमांक 637/23 धारा 34 (2) आवकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्यवाही में उपनिरी लखन राज इंचार्ज थाना प्रभारी केन्ट, गंगाराम यादव, मणिशंकर, अनुराग, लखन, रोहित, विशाल, योगेश की भूमिका रही।

विजय साहू जबलपुर संभाग के प्रभारी नियुक्त

सागर, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई एवं राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सत्येंद्र यादव की सहमति एवं पूर्व विधायक सुनील जैन की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव ने कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव विजय साहू को जबलपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद अहिरवार, जगदीश यादव, कमलेश साहू, परसोत्तम मुन्ना चौबे, सिन्टू कटारे ने बधाई देते हुए सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया।

ऑनलाइन आयुष चिकित्सकों से परामर्श के लिये आयुष क्योर एप

सागर, देशबन्धु। आयुष चिकित्सा पद्धतियों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिये आयुष क्योर एप वैद्य आपके द्वार का उपयोग किया जा रहा है। इस एप से विषय विशेषज्ञों की सेवाएं रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। आजादी के अमृत महोत्सव में आयुष विभाग द्वारा औषधीय पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। जिलों में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से औषधीय पौधे वितरित किये गये हैं। योग से निरोग कार्यक्रम आयुष, स्कूल शिक्षा विभाग और इण्डियन योग एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिये लाभार्थियों को ऑनलाइन योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। आयुष परिसर स्थित शासकीय होम्योपैथी महाविद्यालय में सेंट्रल कॉउंसिल फॉर रिसर्च इन योग एण्ड नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर संचालित किया जा रहा है। यह सेंटर केन्द्र सरकार की शत प्रतिशत वित्तीय सहायता से संचालित हो रहा है। सेंटर में जीर्ण एवं समग्र जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के गहन उपचार की सुविधा उपलब्ध है। यहां पहुंचने वाले रोगियों को नि: शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

श्यामलम ने निर्मल अंलकरण सम्मान आयोजित

टीकाराम त्रिपाठी रूद्र द्वितीय निर्मल साहित्य अंलकरण सम्मान से सम्मानित हुए

सागर, देशबन्धु। स्मृति शेष निर्मलचंद निर्मल के द्वितीय पुन्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण चौरसिया वरिष्ठ साहित्यकार ने की। मुख्य अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन रहे, सारस्वत अतिथी सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक हरगोविंद विश्व रहे। विधायक शैलेन्द्र जैन ने सागर के साहित्यकारों को साधुवाद प्रेषित कर निर्मल जी को उनकी कविताओ का उल्लेख करके किया वा उनके साथ बिताये समय को याद किया। कवि डॉ. नलिन जैन के प्रथम काव्य संग्रह नलिन गीतिका के प्रकाशन वा विमोचन पर बधाई दी, निर्मल साहित्य अंलकरण से सम्मानित टीकाराम त्रिपाठी रूद्र को बधाई दी। स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष उमाकांत मिश्र ने दिया। सारस्वत अतिथी हरगोविंद विश्व ने निर्मल जी से अपने संबधो का उल्लेख किया तथा उनके स्वरमणि पुरस्कार मिलने पर निर्मल जी द्वारा किये स्वागत का उल्लेख किया। उन्होंने अपनी चोकडिया छंद के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्मृति गीत गायन शिवरतन यादव ने किया वा कवि प्रभात कटारे ने निर्मल जी पर कविता सुनायी। कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चौरसिया ने निर्मल जी से अपनी निकटता का उल्लेख किया वा उनके साथ कवि सम्मेलन में उपस्थित का उल्लेख किया। संस्था श्यामलम की ओर से कपिल बैसाखिया, रमाकांत मिश्रा, मुकेश कुमार तिवारी, आरके तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गजाधर सागर, शुकदेव प्रसाद तिवारी, अशोक सिंह मिजाज, पूरन सिंह राजपूत, वृंदावन राय सरल, डॉ. मनीष झा, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, शिवरतन यादव, प्रभात कटारे, कपिल चौबे, डॉ. ऋषभ भारद्वाज, डॉ. अनिल जैन, डॉ. शरद सिंह, सुनीला सर्राफ, ममता भूरिया, नम्रता फुसकेले, पैट्रिस फुसकेले,डॉ. विमल कुमार जैन, महेश जैन, डीके जैन, रमाकांत मिश्रा, नवनीत जैन, निर्मल जी के परिवार जन आदि उपस्थित रहे। डॉ. नलिन जैन ने अपनी प्रथम काव्य कृति पर बात रखी तथा कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हरिसिंह ठाकुर ने किया वा आभार डॉ. नलिन जैन ने व्यक्त किया।

अब स्पीड पोस्ट से घर आयेगा वोटर कार्ड, मोबाइल पर मिलेगा मैसेज

सागर, देशबन्धु। अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल माह से स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को कोई फीस नहीं देना होगा। भारत निर्वाचन आयोग इसका खर्च उठायेगा। सिर्फ अब ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन वोटर आईडी बनवाने के लिये आवेदन करना होगा। ईपिक नंबर जनरेट होने के बाद घर कार्ड पहुंचा दिया जायेगाए लेकिन फॉर्म में सारी डिटेल्स सही भरना होगा। वोटर जो भी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर फॉर्म में दर्ज करेंगे, उस पर स्पीड पोस्ट का मैसेज आयेगा। इससे कार्ड की ट्रेकिंग में आसानी होगी।

शतरंज प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

सागर, देशबन्धु। रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा शतरंज प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ कांची रेस्टोरेन्ट सिविल लाइन सागर में मुख्य अतिथि डॉ. आशीष त्रिपाठी वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र देवरी, विशेष अतिथि योगेश बंसल विधिक अधिकारी जिला न्यायालय सागर आरसीसी चेयरमैन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, आरसीसी बहेरिया अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर अंकुर सिंह ठाकुर, आरसीसी पथरिया जाट अध्यक्ष संदीप प्रजापति, आरसीसी मोतीनगर अध्यक्ष नंदकुमार मिश्रा, आयुष्मान सैनी, की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारंभ में 22 बच्चो ने सहभागिता की। प्रशिक्षण हर रविवार को 9 बजे से 11 बजे तक कांची रेस्टोरेन्ट सिविल लाइन सागर में नि:शुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढे और प्रशिक्षण से उनके खेल में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षो में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

नाराज माझी समुदाय ने बैठकर दिया धरना

सागर, देशबन्धु। मप्र माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के निर्देशानुसार मप्र के जिला मुख्यालय पर आज माझी समुदाय ने बालाजी मंदिर में एक बैठक आयोजित की जिसमें प्रमुख मांगे पिछड़ा वर्ग से विलोपित करने आदेश जारी करो। 1 जनवरी 2018 को मप्र शासन द्वारा जारी आदेश संशोधन करो। पैसा अधिनियम में मछुआ नीति वर्ष 2008 का पालन का प्रावधान हो, मप्र सरकार का जो प्रस्ताव केन्द्र सरकार द्वारा खारिज कर के वापिस कर दिया है, उसमें कमियों को दूर कर कैबीनेट के बैठक में अनुमोदन करवा कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव पुन: भेजा जावे। इन मांगो को लेकर पूरे मप्र में वर्ष 2018 से लगातार प्रत्येक जिले में समिति द्वारा धरना प्रदर्शन रैलियां की जा रही है इसी का परिणाम है कि 8 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी निवास पर प्रांतीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ माझी समाज के समस्या के विषय मे बिन्दुबार चर्चा की। इस प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व टीकाराम रायकवार ने किया। पूरी चर्चा के बाद मुख्य मंत्री ने कहां कि मै 9 अप्रैल 2023 को ही आपकी मांग के अनुसार एक आदेश जारी करवा देता हूं। इस वायदे के बाद भी अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ। केवट जयंति के अवसर पर भी मुख्यमंत्री द्वारा माझी समाज की जाति प्रमाण पत्र समस्या, तालाब आवंटन की समस्याए के विषय मे घोषणा की थी। किन्तु वह आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं हुये है इस सब कारणों से माझी समुदाय सरकार से नाराज है और धरना दिया है। इस अवसर पर यह बात कही गई है कि यदि चुनाव आचार सहिता जारी होने के पूर्व सरकार द्वारा किये गये वायदे के अनुसार आदेश जारी नहीं होते तो पूरे मप्र का माझी समुदाय जो सरकार से नाराज है माझी पंचायत बुलाकर निर्णय लेगा कि चुनाव में क्या भुमिका निभाये। भोपाल में प्रांतीय धरना दिया जावेगा। मुख्यमंत्री निवास का धेराव किया जावेगा। इसके बाद की आदेश जारी नहीं हुये तो माझी समाज आमरण अनशन का आन्दोलन भी करेगा। धरने में पवन कुमार रायकवार, धर्मेंद्र रैकवार, दीप्ति रैकवार, मिथिलेश रैकवार, जितेंद्र रैकवार, जगदीश रैकवार, अमन रैकवार, टीनू रैकवार, जंगबहादुर रैकवार, गोपाल रैकवार, महेश रैकवार कंथक आदि के साथ बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।

डीएसपी यातायात ने घायल दंपती को स्वयं अपने वाहन से अस्पताल में करवाया भर्ती

सागर, देशबन्धु। 6 सितंबर से खुरई में बागेश्वर धाम कथा के आयोजन की तैयारी की सिलसिले में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश तिवारी खुरई गये थे। तभी खुरई से लौटते समय खुरई से 10 किलोमीटर सागर की ओर हरिओम सेन एवं उनकी पत्नी राजकुमारी सेन निवासी ग्राम मॉडल थाना कुरवाई जिला विदिशा रोड एक्सीडेंट में घायल होकर सड़क के किनारे पड़े हुए थे। उन्हें अपने वाहन में लेकर वापस खुरई हॉस्पिटल लेकर गए। एडमिट कराकर उनके इलाज की व्यवस्था कर घायल दंपती के परिजनों को सूचना दी।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने जेल में बांधी सदभावना राखी

सागर, देशबन्धु। केंद्रीय जेल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि द्वारा रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जहां पर बीके नीलम दीदी ने सभी कैदी भाईयो को रक्षाबंधन का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि राखी का अर्थ है पवित्रता की प्रतिज्ञा का धागा और तिलक होता है अपने सत्य स्वरूप की स्मृति की पहचान का प्रतीक सदा आत्मिक स्मृति का तिलक तोहफे का अर्थ है की हमेशा ज्ञान और शक्ति के तोहफे देना हर एक के प्रति कल्याण की भावना और मुख मीठा का अर्थ है की हमेशा दिल खुश मिठाई खाओ और सभी को खिलाओ। जब ये गुण हम अपनाते है तो स्वयं की और दूसरो की रक्षा स्वत हो जाती है। कहा जाता है कि दान पुण्य करो । दान तो हम करते है पर पुण्य कैसे जमा करें। तो पुण्य जमा होंगे किसी का सहयोग करके, किसी को खुशी देके, किसी का दु:ख बांट के और आप सब के तो पुण्य उदय हो गए है क्योंकि थोड़ी सी भी अगर आपसे भूल हुई है तो भगवान ने आपको यहा भेज दिया ताकि आपसे और कोई पाप न हो सके। बीके लक्ष्मी दीदी ने भी सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा की जब हम अहंकार नफरत दुख अशांति डर हर एक गलत सोच बोल और कर्म से स्वयं की रक्षा करते हैं तो हमारे अंदर देवताई गुण अपने आप आ जाते है। परमात्मा के प्यार का बंधन ही है सच्चा रक्षाबंधन। बीके नेहा बहन ने और प्रगति बहन ने सभी को तिलक लगाया नीलम दीदी ने जेलर मांगी लाल पटेल, सहायक जेल अधीक्षक पंकज कुशवाहा, सहायक जेल अधीक्षक गीता ठाकुर, जेल टीचर गीता रैकवार और स्टाफ को राखी बांध कर सभी का मुख मीठा कराया।

सरकार बनाने में गोविंद सिंह की अहम भूमिका रही, अब उनको 51 हजार वोटों से जिताना है: भूपेंद्र सिंह

1 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी

सागर, देशबन्धु। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा विभिन्न समाजों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को क्षत्रिय, कायस्थ, कपूर, ओसवाल और जाट समाज का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री भूपेंद्र सिंह शामिल हुए। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर करनाल हरियाणा सांसद संजय भाटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने समाज के बुजुर्गों का स्वागत सम्मान पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह समाज देश, धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान पर मर मिटने वाली समाज है। अगर देश की रक्षा करने वाली कोई समाज है तो वो क्षत्रिय समाज है। ऐसी समाज को मेरा नमन। मंत्री सिंह ने बताया कि सागर में 1 करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसका टेंडर हो चुका है और राशि भी आ चुकी है। जल्द ही प्रतिमा का लोकार्पण समाजजनों की उपस्थित में होगा। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में गोविंद सिंह राजपूत की अहम भूमिका रही है। इसलिए इस बार आप सभी को गोविंद भाई के लिए 51 हजार मतों से विजयी बनाना है। मंत्री सिंह ने इसका संकल्प भी उपस्थित समाजजनों को दिलाया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास रहा है कि उन्होंने राष्ट्र सम्मान, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह वो समाज है, जो कभी भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करती। यह वही समाज है, जिसने एक बार कोई संकल्प ले लिया तो उसे पूरा करती ही है। ऐसी समाज को मेरा कोटी-कोटी नमन है। उन्होंने कहा कि सुरखी में इस बार चुनाव हार-जीत का नहीं, बल्कि आप सभी के आशीर्वाद से रिकॉर्ड मतों से जीतने का है। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि राजस्थान में भाटी राजपूत होते हैं, इस नाते में आपका भाई हूं। यहां आपकी इतनी उपस्थिति देखकर आपने गोविंद भाई को यहीं पर जिता दिया है। क्षत्रिय समाज देश की आन बान शान है। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है, जिसने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई है। इस तरह अनवरत विकास के लिए आप सभी भाजपा को भारी बहुमत के साथ जिताएं। समारोह में क्षत्रिय समाज के बड़ी संख्या में समाजजन और पदाधिकारी उपस्थित थे।

सार समाचार

पारस रावत राष्ट्रीय परशुराम सेना के तहसील अध्यक्ष नियुक्त

नौगांव, देशबन्धु। शहर के युवा ब्राह्मण पंडित पारस रावत को राष्ट्रीय परशुराम सेना का नौगांव तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

राष्ट्रीय परशुराम सेना जिला अध्यक्ष पंडित अभिषेक तिवारी ने नौगांव शहर के युवा पंडित पारस रावत को नौगांव तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर पारस रावत ने समाज एवं सनातन धर्म के लिए कार्य करने की बात कही है। तो वहीं उनकी नियुक्ति पर समाज एवं मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

बाजार से लौट रही महिला के लूटे गहने

बमीठा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सरेआम लूट किए जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि महिला बाजार से अपने घर लौट रही थी इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उसे लूट लिया। पीड़ित महिला बमीठा के बाजार से सामान खरीदने के बाद अपने घर जा रही थी। रास्ते में ग्राम घूरा के पास शाम करीब साढ़े 6 बजे बाईक से आए बदमाशों ने हीराबाई को धक्का दिया और पहने गए आभूषण छीन लिए। जब हीराबाई के भतीजे से लुटेरों पर पत्थर फेंके तो बदमाश भाग खड़े हुए। घटना के उपरांत हीराबाई ने बमीठा थाने में रिपोर्ट लिखाई है।

2 परिवारों के बीच चले लाठी डंडे

छतरपुर, देशबन्धु। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की चौबे कॉलोनी में बीती रात दो परिवारों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। बताया गया है कि बीती रात चौबे कॉलोनी निवासी सैनी परिवार और गुप्ता परिवार के बीच किसी बात को लेकर वाद-विवाद हुआ और इसके बाद बात इतनी बढ़ गई दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

माफियों ने काट डाले सागौन के हरे वृक्ष, वन विभाग को नहीं फिक्र

छतरपुर, देशबन्धु। म.प्र. के छतरपुर वनमंडल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र बिजावर, बाजना के रामगढ़ नयाताल और बड़ागांव बीट में बड़े ही सुनियोजित तरीके से बड़े पैमाने पर सागौन वृक्षों की कटाई का बेहद चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। मामले का खुलासा होने पर वन महकमे में हडक़म्प मचा हुआ है। छतरपुर वन मंडल के बिजावर और बजाना क्षेत्र में जहां बेरहमी के साथ हरे-भरे सैकड़ों सागौन वृक्षों को काटा गया है, वह इलाका रामगढ़ और नयाताल तथा बड़ागांव जंगल के नाम से जाना जाता है। नयाताल के इस जंगल में जिधर भी नजर दौड़ाये, हर तरफ सागौन के डूंठ नजर आ रहे हैं। सीसीएफ छतरपुर बन व्रत को जानकारी होने के बावजूद भी जंगल का जायजा नहीं किया है और उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा भी लेना उचित नहीं समझा। बिजावर क्षेत्र के इस जंगल में सागौन के कितने वृक्ष कटे हैं, इसका आँकलन भी नहीं कराया गया।

उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले के बिजावर बाजना बड़ामलहरा वनपरिक्षेत्र अन्तर्गत रामगढ़, भर्तला, बड़ागांव,सड़वा, व नयाताल वन बीटों के जंगल में सागौन वृक्षों की कटाई का सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है, जिस पर प्रभावी अंकुश लगाने में वन अमला नाकाम साबित हो रहा है। सुनियोजित तरीके से सागौन वृक्षों की कटाई में लिप्त वन माफियाओं की गिद्ध दृष्टि अब सुरक्षित कहे जाने वाले समृद्ध नयाताल क्षेत्र के जंगल में गई है, वहां उन्होंने बीते कई वर्षों के दौरान बेखौफ होकर जंगल को तहस-नहस किया है और जंगल की सुरक्षा में तैनात अमले को इस विनाश लीला की भनक तक नहीं लगी। सागौन वृक्षों की व्यापक पैमाने पर हुई कटाई के इस खौफनाक नजारे को देखकर वन विभाग के आला अधिकारी भी हैरान होंगे। जिम्मेदार वन अधिकारियों व सुरक्षा में तैनात रहने वाले वन अमले ने अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। इसी लापरवाही और अनदेखी के कारण ही इतने बड़े पैमाने पर अवैध कटाई संभव हो सकी जो निश्चित ही चिन्ताजनक है। वन पर्यावरण के जानकार अमित भटनागर ने बताया कि बड़ागांव बीट के जंगल के पास ही वन सुरक्षा चौकी है, लेकिन वहां वन कर्मी रहते ही नहीं थे। सबसे ज्यादा चिन्ताजनक बात यह है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी व अन्य वन अधिकारियों कि द्वारा भी इस इलाके का जायजा नहीं लिया जा रहा है। नतीजतन जंगल की कटाई का सिलसिला पिछले कई वर्षों से बेरोकटोक अनवरत जारी है। अमित भटनागर का कहना है कि क्षेत्र के जंगल में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई का मामला बेहद गंभीर अपराध है और इसके लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अवैध कटाई से जंगल को कितनी क्षति हुई है, इसका आंकलन भी कराया जाना चाहिए

वन प्राणियों के जीवन पर मडंरा रहा संकट

बिजावर, बाजना, बड़ामलहरा क्षेत्र में वन प्राणियों की संख्या अधिक है वन्य प्राणी जंगल में विचरण करते है। क्षेत्र के जंगल जहां इतने व्यापक पैमाने पर अवैध कटाई हो रही है, विचरण करने वाले वन प्राणियों पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के जिस इलाके में सागौन वृक्षों की कटाई हो रही है वह पूरा इलाका संरक्षित वन क्षेत्र में आता है और वहां पर वन प्राणी भारी मात्रा में विचरण करते है। जिनका शिकार भी वन माफियाओं के द्वारा किया जा सकता है।

छतरपुर डीएफओ के खिलाफ मंत्री ने दिए जांच के आदेश, कार्यवाही कुछ नहीं

छतरपुर जिले में पदस्थ प्रभारी डीएफओ पुनीत सोनकर के खिलाफ शिकायत वन मंत्री विजय शाह के पास की गई थी। शिकायत में उल्लेख किया गया था कि पुनीत सोनकर के द्वारा अपने परिवार को विभाग में अवैध तरीके से लाभ अर्जित करवाया जा रहा है डीएफओ के भाई धर्मेंद्र सोनकर एवं बहन पूजा सोनकर के नाम का प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया था तथा निर्माण कार्यों में लाखों रुपए की गड़बड़ी करने के आरोप लगाए गए थे। उक्त शिकायत को मंत्री ने गंभीरता पूर्वक माना और छतरपुर वन वृत्त के सीएफ को जांच के आदेश दिए थे। मंत्री के द्वारा जांच के आदेश जारी करने के बाद आनन-फानन में छतरपुर वन वृत्त के सीसीएफ संजीव-झा के द्वारा वरिष्ठ अफसर की शिकायत को औपचारिकता पूर्वक जांच करवाकर उक्त पूरे गंभीर मामले में लीपापोती कर दी गई है।

इनका कहना है

जिन वनक्षेत्रों में सागौन की कटाई हो रही है, वह आप मुझे व्हॉटस्अप पर भेजिए, मैं गंभीरता पूर्वक जांच करवाता हूं।

सजीव-झा, सीएफ, वन वृत्त छतरपुर

बिजली गुल होने की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं, आराम फरमाते हैं कर्मचारी

छतरपुर, देशबन्धु। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली का गुल रहना लोगों को बेहद तकलीफ दे रहा है। विभाग का शिकायत कॉल सेंटर शोपीस बना हुआ है। बीती रात जब शहरवासियों ने रात के वक्त विभागीय कार्यालय में जाकर देखा तो यहां तैनात कर्मचारी आराम फरमाते मिले। यह हालात जिला मुख्यालय के हैं और ऐसे में जिले के ग्रामीण अंचलों में क्या मंजर होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

शिकायत करने पहुंचे लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले में बिजली नहीं थी जिस कारण से वे लगातार विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर रहे थे लेकिन जब किसी ने फोन नहीं उठाया तो वे कार्यालय पहुंचे। यहां आने पर कॉल सेंटर के कर्मचारी आराम फरमाते मिले, जिससे लोग नाराज हो गए। उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग के शिकायत कॉल सेंटर में रात के वक्त 1 कर्मचारी को फोन उठाने के लिए, 2 केबिल वाहन और 2 लाइन मैन को तैनात किया गया है ताकि शिकायत मिलने पर तुरंत सुधार कार्य हो सके लेकिन यह कर्मचारी अपने दायित्व को जिम्मेदारी से नहीं निभा रहे हैं जिससे हालात बिगड़ रहे हैं और लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

संगम सेवालय ने अटल पार्क में किया पौधारोपण

छतरपुर, देशबन्धु। संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस के द्वारा सर्किट हाउस के पास स्थित अटल पार्क में पौधारोपण किया यहाँ पर कनेर, गुड़हल, मधुकामिनि और चांदनी के पौधे रोपे गए टीम के सदस्य दिल्लाराम अहिरवार ने बताया कि हमारी टीम ने इस पार्क को विकसित करने का संकल्प लिया है जब यहाँ पर पौधे विकसित हो जाएंगे तो यहाँ पर घास लगाई जायेगी और महिलाओं के बैठने की व्यवस्था की जायेगी साथ ही साथ महिलाओं के लिए ओपन जिम बनाई जाएगी आज पौधरोपण के समय विपिन अवस्थी, दीपू चतुर्वेदी, प्रकाश जैन,लखनलाल अग्रवाल, हरेन्द्र सिंह गौसेवक रविराज सिंह, सुनील अग्रवाल, दिल्लाराम अहिरवार जीतेंद्र शर्मा, गौतम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

कांग्रेस की जन आक्रोश सभा आज

घुवारा, देशबन्धु। कांग्रेस पार्टी के द्वारा विशाल जन आमसभा का आयोजन नगर के मैन बसस्टैंड पर किया जायेगा जिसमे 6 सूत्रीय मांगो को लेकर प्रशासन के माध्यम से माहमहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौपा जायेगा। कांग्रेस पार्टी के ब्लांक किसान अध्यक्ष जगदीश सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानो के साथ हमेशा सरकार द्वारा झूठे बादे देकर धौका दिया है क्योकि बडामलहरा विधान सभा क्षेत्र में लगातार चार वर्षो से फसले खराब हो रही किसान को कुछ नही मिल रहा भाजपा सरकार द्वारा आज तक किसानो को कोई मुआबजा नही दिया झूठे सर्वे कराकर लोगो केबल दिलासा दी गई है चारो ओर शासकीय कार्यालयो मे बिना रिस्वत के काम नही किये जा रहे है इसलिए अब समय आ गया है कि ऐसी भष्ट सरकार को जड से उखाड फेकने का वही कांग्रेस द्वारा आमसभा उपरांत 6 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा जायेगा जिसमे प्रमुख्य मांगे बिगत चार वर्षो मे खराब हुई फसलो का मुआबजा दिया जाये, किसानो के बिजली बिल सहित पम्पो के बिल माफ किये जाये, वर्तमान समय मे किसानो को मुफ्त एडवाईज दिये जाये, सुजारा बांध से क्षेत्र के छोटे छोटे तालाबो को भरा जाये, घुवारा मे एसडीएम न्यायालय न भगंवा मे नायब तहसीलदार का न्यायालय पूर्व की भांति संचालित किया जाये, आवारा गायो मवेशियो के कारण किसानो की फसवे चौपट हो रही है तो सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलो में बनाई गई गौशालाओ मे मवेशियो को शिफ्ट किया जाये इन सभी उक्त मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा जायेगा।

बच्चों की पढाई में बाधक बना नाला

छतरपुर, देशबन्धु। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए सरकार स्कूल चलें हम तथा सर्व शिक्षा अभियान चला रही है लेकिन जिले में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां के बच्चे चाहकर भी स्कूल नहीं जा पा रहे। मामला राजनगर जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांदनी के ग्राम गुड़पारा का है जहां सडक़ न होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे। बताया जा रहा है कि गांव से स्कूल तक जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा नाला भी है जिस पर पुल न होने के कारण बच्चे इसे पार नहीं कर पाते।

गुड़पारा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए 3 किलोमीटर दूर ग्राम पारवा के विद्यालय जाना होता है। गुड़परा से पारवा जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा नाला है जो बारिश के दिनों में उफान पर रहता है। मार्ग पर पक्की सडक़ तथा नाले पर पुल न होने के कारण बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। दूसरे मार्ग से विद्यालय जाने के लिए बच्चों को लगभग 14 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है, जिसके चलते बच्चे स्कूल जाने से कतराते हैं।

ग्रामीणों की मानें तो वे जिला प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से कई बार मार्ग बनवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या को जायज नहीं माना। कुछ समय पहले ग्रामीणों ने बांस का एक पुल बनाया था लेकिन कुछ समय बाद वह टूट गया और हालात पुनः जस के तस हो गए। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम और विधायक भी आश्वासन दे चुके हैं लेकिन पुल तथा सडक़ आज तक नहीं बनी।

विद्युत कंपनी शहर में करेगी संधारण

नौगांव, देशबन्धु। नौगांव शहर में विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा पोस्ट मानसून मेंटिनेंस के चलते आज सोमवार से कंपनी मेंटिनेंस का कार्य शुरू कर रही है, जिसके चलते शहरी क्षेत्र में सोमवार 04 अगस्त से आने वाले 9 दिनों तक मेंटिनेंस चलेगा। जिसके चलते सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी।

सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि आज सोमवार को 132 केवी बजरिया पावर हाउस से निर्मित 33केवी एमईएस फीडर जो बापू डिग्री 33/11 केवी पावर सुबह 06:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक बंद रहेगी। जिसमें गर्रौली रोड, झाँसी रोड, पॉलिटेक्निक कॉलेज वाला क्षेत्र, परम कॉलोनी, वीरेंद्र कॉलोनी, पिपरी, स्टेट बैंक के पास वाला क्षेत्र, भास्कर चौराहा, कोठी, नगरपालिका के पास वाला क्षेत्र अस्पताल चौराहा, ईशा नगर चौराहा, बाजार, धौर्रा रोड क्षेत्र, कसाई मंडी, कल्याण दास चौराहा के साथ नौगांव ग्रामीण से संबद्ध फीडर 11 केवी सुकवा, 11 केवी आईएस संपूर्ण ग्राम की आपूर्ति भी प्रभावी रहेगी। मंगलवार 05 सितंबर को 33 केवी नवोदय उपकेंद्र के सभी 11 केवी फीडर बंद रहेगा।

बुधवार 06 सितंबर को 11 केवी जेल फीडर बंद रहेगा जिसमें वीरेंद्र कॉलोनी, परम कॉलोनी, पॉलिटेक्निक , पिपरी, सर्किट हाउस, हरपालपुर रोड, एमडी ऑफिस रोड, अरविंद आश्रम रोड एरिया प्रभावित रहेगा। इसी तरह शुक्रवार 08 सितंबर को एमईएस फीडर बंद रहने से बस स्टैंड, तिवारी मोहल्ला, पुरानी कोतवाली, रंगरेज मोहल्ला, नीमन मोहल्ला, धौर्रा रोड, हल्लू कॉलोनी एरिया बंद रहेगा। शनिवार 09 सितंबर को माई होम्स फीडर, रविवार 10 सितंबर टाउन फीडर, सोमवार 11 सितंबर गल्ला मंडी फीडर, मंगलवार 12 सितंबर बजरिया फीडर, बुधवार 13 सितंबर को इंडस्ट्रियल फीडर बंद रहेगा।

बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति

छतरपुर, देशबन्धु। अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर म.प्र. संयुक्त सहकारी समिति (पेक्स) कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सहकारिता कर्मचारियों की कलमबंद हड़ताल विगत 16 अगस्त से लगातार जारी है।

रविवार को शहर के बघराजन माता मंदिर में जिले के 5 सैकड़ा सहकारिता कर्मचारियों ने बैठक कर आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार की है। बैठक में यह तय किया गया है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सहकारिता कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ऋण वितरण, वसूली, खाद-बीज वितरण, फसल बीमा, उचित मूल्य की दुकानें और खाद्यान्न वितरण आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

महासंघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने बताया कि यह प्रदेश व्यापी हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में की जा रही है। उन्होंने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जब कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया तथा तब सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का निराकरण करने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक उनकी एक भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है, जो कि प्रदेश के 55 हजार कर्मचारियों के साथ धोखा है। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारियों ने पूर्व में प्रशासन से 29 अगस्त तक पंडाल लगाने की अनुमति ली थी लेकिन इस अवधि में जब मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से पंडाल लगाए रखने की अनुमति मांगी जो कि प्रशासन द्वारा नहीं दी गई।

इसके बाद से सहकारिता कर्मचारी अपने कार्यालयों में हड़ताल कर रहे हैं। बैठक के दौरान सहकारिता कर्मचारियों ने गीत के माध्यम से अपनी व्यथा सुनाई और यह प्रतिज्ञा ली कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रखेंगे।

भुजलिया जुलूस निकाला, डीजे में फिल्मी गीतों पर जमकर थिरके किन्नर

इटारसी, देशबन्धु। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किन्नरों ने भुजलिया पर्व पर जुलूस निकाला। जुलूस में नर्मदापुरम से आयी किन्नरों की टोली ने डीजे और डोल पर जमकर नृत्य किया। जुलूस शहर के बाजार क्षेत्र का भ्रमण करके गांधी स्टेडियम के पास संपन्न हुआ। रविवार को शहर के गांधी स्टेडियम के पास गांधी परिवार से भुजलिया का जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल होने किन्नर नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर, इटारसी आदि जगहों से आये थे। जुलूस को देखने बड़ी संख्या में युवाओं की भीड़ थी। किन्नरों ने डीजे और ढोल पर किन्नरों ने जमकर नृत्य किया। मनचले भी जुलूस के इर्दगिर्द थे और पुलिस को इनको दूर रखने के लिए खासा जतन करना पड़ा। किन्नरों का कजरिया जुलूस स्व. भगवान दास गांधी (गांधी परिवार) के निवास स्थान गांधी स्टेडियम इटारसी के निकट से परंपरागत पूजन के साथ शुरू हुआ और मुख्य मार्ग से भ्रमण करने के बाद वापस गांधी निवास पर समाप्त हुआ।

गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री ने नौगांव पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ 22 से

छतरपुर, देशबन्धु। *ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के 88वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर नौगांव में आगामी 22 सितंबर से सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्राभिषेक एवं 18 पुराण का धार्मिक आयोजन किया जाएगा। दद्दा देवप्रभाकर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री के सानिध्य में होने जा रहे इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं।*

नगर नौगांव के मेला ग्राउंड में 22 सितंबर से शुरू होने वाले धार्मिक विधान का श्रीगणेश 21 सितंबर को दोपहर 3 बजे से कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। 22 से 28 सितंबर तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ रासलीला, रामलीला भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे। रविवार को गृहस्थ संत डॉ. अनिल शास्त्री नौगांव पहुंचे तो विधायक नीरज दीक्षित के निवास पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद दीक्षित, व्हीएव्ही गरुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर अशोक दीक्षित सहित दद्दा शिष्य मंडल, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों सहित अन्य गणमान्यजनों ने श्री शास्त्री की जोरदार अगवानी की। विधायक निवास पर चर्चा के उपरांत श्री शास्त्री मेला ग्राउंड पहुंचे जहां उन्होंने विशाल धार्मिक आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी दिए।

सागर, सोमवार 4 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. माया राम सुरजन

देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को 'इंडिया' उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह 'इंडिया' की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये।

इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है।

आखिरकार विशेष सत्र कोई मज़ाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता से; और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है- यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों। जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंतत: जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था।

मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है। सरकार ने एक समिति बनाई है जो 'एक देश एक चुनाव' की योजना बनाकर सरकार को सौंपेगी। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक सेवानिवृत्त राष्ट्रपति को किसी समिति का अध्यक्ष बनाकर सरकार के किसी विभाग को रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है जो कभी सिर्फ उस विभाग का नहीं वरन पूरी सरकार का प्रमुख हुआ करता था। वास्तविकता में चाहे न हो लेकिन संवैधानिक परिभाषा के अनुसार तो वह राष्ट्राध्यक्ष ही है जिसके अधीन पूरा देश होता है। संसदीय प्रक्रिया के अंतर्गत खुद मोदी इन्हीं राष्ट्रपति के अंतर्गत काम कर चुके हैं। न यह कोई पूछने वाला है और न ही कोई बताने वाला कि आखिर एक पूर्व राष्ट्रपति कैसे किसी समिति का प्रमुख बनकर सरकार को कोई रिपोर्ट दे सकता है। कायदे से तो कोई व्यक्ति जिस दिन इस पद पर पहुंचता है, उसी दिन से वह दलगत राजनीति से ऊपर हो जाता है; पर यह सब तभी सम्भव है जब किसी व्यक्ति या किसी राजनैतिक दल की ही आंखों का नहीं, किसी सरकार की आंखों का भी नहीं, बल्कि पूरे देश की आंखों का पानी मर जाये।

अगर 'एक देश एक चुनाव' की बात करें तो यह करा पाना बहुत कठिन है- प्रशासकीय और राजनैतिक दोनों कारणों से अव्यवहारिक। आजादी के बाद हुए पहले चार आम चुनावों के साथ विधानसभाओं के निर्वाचन हुए थे परन्तु तब की परिस्थितियां अलग थीं। आबादी कम थी, चुनावी हिंसा न्यूनतम थी। राजनैतिक दलों के बीच आज के जैसी वैमनस्यता भी नहीं थी। सबसे बड़ी बात कि चुनावों का आकार व स्वरूप विशाल नहीं था। इसके बावजूद अगर सरकार एक साथ चुनाव कराना ही चाहती है तो पहले वह इसके फायदे बतलाये। यह भी बताये कि सामान्य नागरिकों, विशेषकर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी में डाले बगैर ये कैसे सम्पन्न होंगे। जब मणिपुर जैसे छोटे से राज्य की हिंसा को रोकने में सरकार 5 माह में भी सफल नहीं होती और ज्यादातर राज्यों के चुनाव कई चरणों में कराने पड़ते हैं, तो इतने बड़े देश में एक दिन में कैसे चुनाव हो सकते हैं। यह जानने का हक नागरिकों का है; और बतलाना सरकार का कर्तव्य।

इंडिया की सफलता से बौखलाया मीडिया

आप बाराती जानते हैं!

तो यह मीडिया आज बाराती प्रवृति का हो गया है। छिद्रान्वेषी!

इंडिया की बेहद सफल मुंबई बैठक में उसने बहुत सारी कमियां खोज ली हैं। जैसे वह बाराती सर्वश्रेष्ठ माना जाता है जो लड़की वालों के यहां जाकर यह कमी निकाल सके कि उसने कोकाकोला में चाय बनाकर नहीं पिलाई या पनीर चिकन नहीं बनाया! पनीर बनाया तो क्या? चिकन बनाया तो क्या?

बनाना तो पनीर चिकन या चिकन पनीर चाहिए था। कहते हैं कि बाराती तो राजा की लड़की की शादी में भी कमी निकाल सकता है। तो यही हाल आज हमारे मीडिया का हो गया है।

झंडा क्यों नहीं बनाया? झंडा था क्या कभी इससे पहले किसी गठबंधन का? जिस एनडीए को अब यह बीजेपी की जगह चुनाव जिता रहे हैं। क्या उसका कोई झंडा है? या केवल विपक्षी गठबंधन का ही चाहिए था! सारी शर्तें लड़की और लड़की वालों पर लागू हैं! अपने लिए तो हम हर बार नए नियम बनाते रहेंगे। पहले तो केवल आएगा तो मोदी ही का माहौल बना रहे थे। मगर जब आरएसएस ने कह दिया कि केवल मोदी के भरोसे कुछ नहीं होगा तो भाजपा की बात करने लगे। और अब जब विपक्ष एक हो गया तो भाजपा से आगे बढ़कर वे भी गठबंधन की बातें करने लगे। 2019 के बाद कहना शुरू कर दिया था कि देश से गठबंधन की राजनीति खत्म हो गई। मगर जब नीतीश कुमार के प्रयासों से इसने इतना व्यापक रूप ले लिया तो कूद कर एनडीए पर आ गए।

मुंबई का संदेश क्या है? इन्डिया के लिए कि छोटी-छोटी बातें छोड़ने से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और मीडिया के लिए कि बने रहो पुछल्ले! तुम्हारी नियति यही है!

हालांकि इन्डिया के नेताओं ने मुंबई में मीडिया को बहुत प्यार से पुचकार कर समझाया। मीठे अंदाज में नीतीश कुमार ने कहा कि हम आपको भी मुक्त करवाना चाहते हैं। राहुल ने यही कहा कि डरो नहीं। हम आपको भी भयमुक्त कर देंगे। सारे नेता उदार भाव से मीडिया को समझाते रहे।

मगर इधर मीटिंग खत्म हुई उधर उनके अंदर मतभेद ढूंढने लगे। ममता बनर्जी कहां हैं? जबकि एक सितम्बर को मीटिंग खत्म होते ही शिवसेना के संजय राउत ने सबसे पहले यही बताया कि आपके सामने प्रेस कान्फ्रेंस में सब नेता मौजूद हैं। मगर ममता बनर्जी को जल्दी जाना था तो वे चली गईं। लेकिन कहानियां कहां रुकने वाली थीं। ममता नाराज की खबरें शुरू कर दीं।

सोचिए जो ममता एक सितंबर की सुबह मीटिंग शुरू होने से पहले सोनिया गांधी को शाल उढ़ाकर उनका सम्मान कर रही थीं। बेंगलुरू की प्रेस कान्फ्रेंस में माय फेवरेट राहुल कह रही थीं। वे किसी छोटी बात से नाराज होकर जा सकती थीं?

लेफ्ट से उनके मतभेद की खबरें लोकसभा के मतदान होने तक चलाई जाएंगी। लेकिन यह नहीं बताया जाएगा। तीन मीटिंगें हुईं पटना, बेंगलुरू और मुंबई। लेफ्ट के एक नहीं तीन तीन नेता, सीपीआईएम के सीताराम येचुरी, सीपीआई के डी राजा और सीपीआईएमएल के दीपंकर भट्टाचार्य उनमें ममता बनर्जी के साथ मौजूद रहे, खूब बातें करते हुए।

खींचतान कहां नहीं हैं? गोदी मीडिया में नहीं हैं? एक एंकर दूसरे चैनल को नीचा दिखाने के लिए तक-तक कब तक करता रहा! ज्यादा से ज्यादा जहरीला बनने के लिए कुछ एंकरों में कितना भयानक काम्पटिशन है। एक-दो को तो लगता है जैसे जहर के इंजेक्शन भी लगवाने पड़ते हैं! मगर यह भक्ति तो ऐसी चीज है कि कमी रह ही जाती है। अभी एक एंकर को सुनने को मिल गया कि जब जेल गए तो कैसा लगा? ऑन एयर बात हो रही थी जहर फैलाने में सबसे तेज निकल रहा एंकर बेचारा यह भी नहीं कह पाया कि हमारी तपस्या में कौन सी कमी रह गई!

बाकी एंकर और पत्रकार अभी यह नहीं सोच पा रहे कि कभी उनसे भी उनके चैनलों के मालिक ही पूछेंगे कि यह नफरत क्यों फैलाते थे? क्या हमने कहीं लिखकर कहा था? कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। एंकर, पत्रकार, मीडिया मालिक सब से सवाल होगा? अभी तो कुछ राज्य सरकारों की हिम्मत की वजह से दो-चार पत्रकार एंकर ही जेल में गए लेकिन अगर विपक्ष की खासतौर से कांग्रेस की राज्य सरकारें गोदी मीडिया से डरना छोड़ दें तो बड़ी तादाद में मीडिया को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। रिया चक्रवर्ती के मामले में क्या साबित हुआ? तो उन पर झूठे आरोप लगाने कैमरों से घेर कर उनसे पुलिसिया पूछताछ करने के आरोप में कितने लोग दोषी करार दिए जाएंगे? आर्यन के मामले में भी ऐसा ही हुआ। उसे गलत फंसाने के दोषी समीर वानखेड़े का साथ देने के मामले में मीडिया क्या कार्रवाई से बच जाएगा?

लेकिन अभी जैसा कि मुंबई में इन्डिया के नेताओं ने कहा कि हमारे कामों में एक मीडिया को गुलामी से निजात दिलाना भी है। नियंत्रण मुक्त तो सभी संवैधानिक संस्थाओं को करना है। लेकिन बाकी संस्थाएं और चाहे जो लोकतंत्र का नुकसान कर रही हों डायरेक्ट जनता को नफरती और क्रूर नहीं बना रही हैं। मीडिया तो जनता का चरित्र ही बदल रहा है।

प्रधानमंत्री लाल किले से कहते हैं हजार साल की गुलामी। चलो मान लिया। मगर हजार साल में भी भारतीय जनता ने अपनी सहज बुद्धि नहीं खोई। जितने विदेशी आए उसे बेवकूफ कोई नहीं कह सका। सबने उसकी बौद्धिक क्षमताओं की तारीफ की। मगर पिछले 9 साल में वह बौद्धिक अंधकार की तरफ बढ़ रही है। उसे रात-दिन नफरत और विभाजन सिखाया जा रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें इस प्रयोग पर हैं कि क्या पूरे एक देश को 9-10 सालों में हजारों सालों की उदार सभ्यता को भुलाकर केवल और केवल नफरत पर जीना सिखाया जा सकता है? और अगर 140 करोड़ का पूरा एक देश नफरती बन गया तो दुनिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी जी-20 हो रहा है। कुछ बड़े नेताओं चीन के, रुस के राष्ट्रपति, सऊदी अरब के प्रिंस ने तो आने से मना कर दिया। मगर कुछ देशों के शासनाध्यक्ष आ रहे हैं। वे अपने लिए सजाई सड़कों और गमलों को ही नहीं देखेंगे उसके पीछे भारत में क्या हो रहा है, यह भी देखेंगे।

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी?

इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है। कह रहा है कि हम अपने नुकसान पर भी दूसरी सहयोगी विपक्षी पार्टी की मदद करेंगे। यह 'गिव एंड टेक नहीं होगा। सिर्फ गिव ही गिव होगा। मतलब देना ही देना।

और यह जरूरी है। अगर इस बार ऐसा नहीं किया तो कपिल सिब्बल जिनकी अप्रत्याशित मुंबई मीटिंग में एंट्री हुई की यह बात सच साबित हो जाएगी कि अगर इस बार भी मोदी जी जीत गए तो फिर विपक्ष चुनाव को भूल जाए। सही बात है। अगर मोदी जी तीसरी बार आ गए तो कई विपक्षी दल खतम हो जाएंगे। कई क्षेत्रीय नेता भी।

इसलिए सब 'गिव एंड टेक' की बात नहीं केवल 'गिव ही गिव' की बात कर रहे हैं। एक दूसरे को मजबूत करो। सब मजबूत हो जाओगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

शकील अख्तर

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी बना रहे हैं। मगर मणिपुर के अपने केन्द्रीय मंत्री, वहां के दूसरे सांसद को अपने ही देश की लोकसभा में बोलने नहीं दे रहे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाया क्या उसमें मणिपुर की बात होगी? वह भी तो देश का हिस्सा है। क्या यह सब बातें विदेशी अतिथियों के कानों में नहीं जाएंगी? इन परिस्थितियों में इन्डिया आकार ले रहा है। जाहिर है एक बड़ा चैलेंज बन गया है।

केरल ने खारिज की केंद्र की स्मार्ट मीटर योजना

■ पी. श्रीकुमारन

राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने राज्य में केन्द्र के प्री-पेडस्मार्ट बिजली मीटर के रोलआउट के लिए कुल व्यय (टोटेक्स) मॉडल को जोरदार ढंग से 'नहीं' कह दिया है। टोटेक्स मॉडल को लागू न करने और कोई अन्य लागत प्रभावी मॉडल चुनने का निर्णय मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा बुलाई गई बैठक में लिया गया।

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया।

आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा। प्रस्ताव के तहत, केएसईबी स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए बिलिंग और संबद्ध सेवाओं के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करेगा। परियोजना के लिए आवश्यक संचार प्रणाली के लिए केरल फाइबरऑप्टिक नेटवर्क (के-फोन) का उपयोग किया जायेगा। केएसईबी का डेटा सेंटर डेटा का स्टॉक करेगा।

पहले चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर से लैस करने का जो फैसला किया गया था उसे राज्य सरकार ने रद्द कर दिया है। अब केएसईबी के केवल औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ता, जिनकी संख्या तीन लाख से कम है, को ही स्मार्ट मीटर से लैस किया जायेगा।

स्मार्ट मीटर रोल-आउट केंद्र-सहायता प्राप्त पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना का एक घटक है। जब 15 जून को परियोजना के लिए निविदा आवेदन खोला गया, तो तीन निजी फर्मों ने भाग लिया, जिनकी सबसे कम बोली 3,475.16 करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को प्रति स्मार्ट मीटर 9,500 रुपये का भुगतान करना पड़ता। बोर्ड ने प्रारंभिक चरण में 37 लाख उपभोक्ताओं के लिए परियोजना को लागू करने की योजना बनाई थी।

केएसईबी में वामपंथी और कांग्रेस समर्थित ट्रेड यूनियनों के कड़े विरोध के बाद इस योजना को छोड़ दिया गया। कर्मचारी संगठनों ने इस आधार पर इस योजना का विरोध किया कि इससे निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उनका तर्क था कि बिजली मंत्रालय ने श्रम संगठनों की चिंताओं का समाधान नहीं किया है।

सीटू के महासचिव इलामारम करीम ने कहा कि केरल केएसईबी को कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए तुरंत निविदा प्रक्रिया को रद्द कर देना चाहिए था क्योंकि उसे एहसास हुआ कि स्मार्ट मीटर की कीमत 9,500 रुपये के करीब होगी, जबकि बोर्ड द्वारा निर्धारित आधार मूल्य 6,000 रुपये थी। राज्य के 1.35 करोड़ उपभोक्ताओं में से लगभग 50 लाख गरीब हैं और स्मार्ट मीटर लगाने में सक्षम नहीं हैं।

करीम ने दावा किया कि राज्य सरकार के सामने विकल्प टोटेक्स मॉडल को छोड़ना है और इसके बजाय सी-डैक द्वारा विकसित तकनीक को अपनाना है, जिसे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, सीटू जैसे ट्रेड यूनियनों के अनुरोध के बाद, सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो ने परियोजना के कार्यान्वयन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था और कहा था कि इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा।

पिनराई विजयन के बयान में कहा गया है कि कई राज्यों को परियोजना को लागू करने और बिजली वितरण की जिम्मेदारी से हटने और अधिकतम लाभ के लिए इसे निजी कंपनियों को सौंपने के लिए मजबूर किया गया था। इससे गरीबों और किसानों पर असहनीय बोझ पड़ेगा। इसलिए इस प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के संबंध में, केरल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि संविधान की सातवीं अनुसूची की प्रविष्टि 32 के तहत सहयोग राज्य का विषय है। केंद्र सरकार अब नवीनतम संशोधनों के जरिए कानूनी झटके से उबरने और शीर्ष अदालत के फैसले को दरकिनार करने की कोशिश कर रही है।

केरल के सहकारिता मंत्री वीएन वासवन ने केंद्र सरकार पर ऐसे प्रावधानों को शामिल करने का आरोप लगाया, जिसके तहत राज्य सहकारी रजिस्ट्रार के तहत काम करने वाली वैधानिक समितियों को भी समाप्त किया जा सकता है और बहु-राज्य समितियों में परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी सहकारी समिति को शासी निकाय की बैठक के निर्णय और सामान्य निकाय की बैठक में बहुमत से एक बहु-राज्य समिति में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, इस शर्त को हटा दिया गया है कि बहु-राज्य संघ बनने से पहले राज्य पंजीकरण रद्द कर दिया गया होगा और यह शर्त शामिल की गई है कि इसे स्वाभाविक रूप से रद्द कर दिया जायेगा।

केरल को यह भी आशंका है कि सोसायटी को अपनी संपत्ति और आय का उपयोग केंद्र सरकार या बड़े कॉर्पोरेट निवेशकों के निर्देश पर करने के लिए मजबूर किया जायेगा। इससे आम लोगों को मिलने वाली सहायता बहुत प्रभावित होगी और सहकारी समितियां उनकी पहुंच से बाहर हो जायेंगी। सबसे निर्दयी कटौती यह है कि संशोधन सहकारी समितियों के स्थानीय आर्थिक संसाधन के रूप में कार्य करने के प्राथमिक उद्देश्य को विफल कर देंगे, जिस पर कोई भी किसी भी समय भरोसा कर सकता है। ये संस्थान नई पीढ़ी के बैंकों जैसी कार्य संस्कृति अपनायेंगे जो केवल मुनाफे के लिए काम करते हैं। यही कारण है कि शीर्ष अदालत ने राज्यों के प्रति अनुकूल रुख अपनाया। जब यह स्पष्ट हो गया कि यह संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन है तो उसने केंद्र सरकार के कदम को रोक दिया।

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार पर ऐसे संशोधनों के माध्यम से देश की संघीय प्रणाली को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया तथा हाल ही में संसद में पारित बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन का पुरजोर विरोध किया। आधिकारिक तौर पर कहा गया कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) द्वारा एक वैकल्पिक प्रस्ताव विकसित किया जायेगा।

गुरवाणी विचार

जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीअै -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार) करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

इंदर सिंह आहुजा

आपके पत्र

चन्द्रयान-3 और आदित्य-1 की लॉचिंग दुनिया के लिए आश्चर्य

भारत दुनिया का सरताज बन गया है। विश्वगुरू की ओर बढ़ते कदम ने दुनिया में भारत ने डंका बजा दिया है। इसरो के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और लोकप्रियता, सरकार के मेक इन इंडिया नारे की गूंज दुनिया के देशों में छाप छोड़ने लगी है। वैज्ञानिकों के इस साहस का लोहा दुनिया ने माना है। विक्रम साराभाई जैन की देन थी कि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पहला कदम 1964 में रखा। 15लाख किमी की दूरी तय कर आदित्य-1 एल-1 की पॉइंट पर पहुंचेगा। सूर्य की स्टडी करेगा। शनिवार को श्रीहरिकोटा से सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। दुनिया की नजर भारत पर टिकी थी। दुनिया आश्चर्यजनक स्थिति में है। भारत की इस कामयाबी में कई वर्षों की मेहनत और रिसर्च का सुखद परिणाम है। भारत कामयाबी के ऊंचे शिखर पर है। सूर्य की एनर्जी और सूर्य की स्टडी से पता चलेगा। पृथ्वी पर बदलाव और धरती पर जनजीवन को प्रभावित करने का मुख्य कारण का पता लगाना है। अमेरिका ने छह बार सोलर मिशन तो चीन में एक बार सोलर भेजने के बाद कोई उपलब्धि हासिल नहीं हुई थी। सूरज की विशालता का बड़ा पैमाना है और एक सूर्य में 13 लाख पृथ्वी समा जाए,यह वैज्ञानिकों का कहना है। भारत की इन उपब्धियों के पीछे सत्तारूढ़ सरकार की सफलता कारणभूत है। लेकिन यह पूरे देश और देशवासियों की उपलब्धि है जिसके कारण आज चांद और सूरज की परिक्रमा के लिए चंद्रयान 3 ने कार्य शुरू कर दिया है तो शनिवार को भारत की दूसरी कामयाबी में आदित्य-1 की लॉचिंग भारत की प्रसिद्धि की यह तस्वीर दुनिया ने नजदीक से निहारी है। भारत उत्तरोतर प्रगति का शंखनाद कर दुनिया को हर समय चौंकाने के लिए वैज्ञानिकों की मेहनत और देशवासियों की आस्था की सफलता कदम चूम रही है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

इसे विकास कहते गुस्सा आता है

अभनपुर से राजिम सड़क चौड़ीकरण इस नासमझी के साथ जारी है कि इसे विकास कहते हुए गुस्सा आता है। सड़क इतनी अधिक ऊंची हो गई है कि छह सौ से अधिक आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान डूब गए हैं। विकास के नाम पर यह पागलपन यहीं नहीं रुकता। इस सड़क के दोनों तरफ जो नालियां बनाई जा रही हैं वह सड़क से ऊंची बनाई जा रही है इससे मुख्य सड़क पर आने और मुख्य सड़क छोड़कर गली में जाने के लिए यह नाली पहाड़नुमा ब्रेकर जैसा बन गया है जिस पर बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विकास के नाम हजारों हरे-भरे छायादार पेड़ बलि अलग चढ़ गए हैं। इसे इस कथित विकास की पुरौनी कह सकते हैं।

ताज्जुब तो इस बात पर भी होता है कि वैध आवासीय और व्यावसायिक मकान-दुकान के मालिक विकास के नाम पर हो रहे मनमानी पर क्यों चुप्पी साधे रहे? क्या नीचे हो चुके मकान-दुकान के गंदे पानी को पंप के द्वारा ऊंचाई पर बने नाली में पहुंचाया जाएगा?

क्या इस मुर्खतापूर्ण कार्य को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी? विरोधी दलों को तो इस मुद्दे पर आंदोलन कर देना था वह भी नहीं हुआ। गैर आबादी इलाके में ऊंची सड़क समझ में आने वाली बात है लेकिन आबादीयुक्त क्षेत्रों में सड़क को साल-दर-साल ऊंचा करने के बजाय सुविधाजनक विकल्प के बारे सोचा जाना चाहिए।

-दिनेश चौहान, राजिम

सार-समाचार

12 साल पुराना कोबरा पकड़ा

मकरोनिया, देशबन्धु। रविवार को निर्माणाधीन मकान से 6 फीट लंबा कोबरा पकड़ा, यह कोबरा करीब 12 साल पुराना है। स्नेक कैचर ने जैसे ही कोबरा को पकड़ा तो उसने गुस्से में जमकर फुफकार मारी। फुफकार सुन आसपास के लोग सहम उठे। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि स्नेक कैचर ने सुरक्षित कोबरा को रेस्क्यू कर पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार मकरोनिया इलाके में शालकराम पटेल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां रविवार को विशालकाय कोबरा घुस गया। जैसे ही लोगों ने कोबरा को देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल स्नेक कैचर अकील बाबा को सूचना दी। अकील मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन मकान में सांप पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। सांप मकान में एक पत्थर के नीचे छिपा बैठा था। खुदाई कर पत्थर निकलवाया तो स्नेक कैचर सांप देख दंग रह गए। करीब पौन घंटे की मशक्कत के बाद सांप को रेस्क्यू कर पकड़ा जा सका। इस दौरान कोबरा ने जमकर फुफकार मारी। स्नेक कैचर अकील बाबा ने बताया कि मैं लंबे समय से सांप पकड़ रहा हूं। कई कोबरा पकड़े थे। लेकिन इतना खतरनाक और पुराना कोबरा पहली बार पकड़ा है। रेस्क्यू में पकड़ाया कोबरा करीब 12 साल पुराना होगा। इसका वजन साढ़े 7 किलो से भी ज्यादा था। यह सांप बेहद खतरनाक होता है। यदि किसी को डस ले तो कुछ ही सेकंडों में जान जा सकती है। सांप को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया है।

समय सीमा बैठक आज

सागर, देशबन्धु। टीएल बैठक की समीक्षा आज प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की जाएगी। बैठक में समस्त जिला अधिकारी सभाकक्ष में उपस्थित रहें एवं अनुविभाग स्तर के अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त नगर पालिका के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, वीसी लिंक से जुड़ना सुनिश्चित करें।

नरेंद्र डब्बू आठिया सुरखी विधानसभा प्रभारी बने

सागर, देशबन्धु। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देश पर अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव की सहमति से अनुसूचित जाति मोर्चा मप्र द्वारा एमपी के मन में मोदी सदस्यता अभियान 2023 की शुरुआत की गई है, इस अभियान के तहत जिला प्रभारी और विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें सुरखी विधानसभा प्रभारी नरेंद्र डब्बू आठिया को नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है, साथ ही नरेंद्र आठिया का कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाहन निष्ठा पूर्वक करेंगे।

वैभव दुबे बने सागर जिला प्रभारी

बीना, देशबन्धु। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार की अनुशंसा पर भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य टीकमगढ़ जिले के प्रभारी वैभव दुबे को मप्र विधानसभा चुनाव के अंतर्गत सागर जिला का प्रभारी सदस्य अभियान नियुक्त किया गया है। श्री दुबे ने वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं युवा मोर्चा के एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने वैभव दुबे को शुभकामनाएं बधाई दी।

कलेक्टर की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

सागर, देशबन्धु। यदि आपकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन सुविधा दी हुई है। अपना फोन उठाइए और घर बैठे मतदाता सूची में नाम शामिल कराइए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची में पात्र व्यक्तियों के नाम शामिल करने के लिए 31 अगस्त तक आवेदन पत्र दर्ज किए जा रहे हैं। बीएलओ के पास फार्म 6 में आवेदन देकर पात्र व्यक्ति अपने नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग के वोटर सर्विस पोर्टल तथा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अपने एन्ड्रायड मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड कर इंस्टॉल करें। इसके बाद अपनी आईडी तथा मोबाइल नम्बर दर्ज करें। मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराकर प्रपत्र 6 में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करें। इसी तरह वोटर सर्विस पोर्टल पर भी आईडी बनाकर तथा मोबाइल नम्बर दर्ज करके उसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन स्वीकार होने पर दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर रेफरेंस नम्बर प्राप्त होगा। इसके माध्यम से अपना मतदाता परिचय पत्र इपिक कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं। इसलिए जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं वे ऑनलाइन आवेदन करके घर बैठे अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं।

टीबी क्षय रोग का उपचार आसान

सागर, देशबन्धु। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। उन्होंने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष का जलाया पुतला

बीना, देशबन्धु। स्वयं को महाराणा प्रताप बताने वाले सागर के जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत का बीना में विरोध हुआ। रविवार को बीना के अंबेडकर तिराहा पर अखिल भारतीय युवा क्षत्रिय महासभा के सदस्यों ने हीरा सिंह का पुतला फूंका।

राज्यपाल के नाम थाना प्रभारी बीएस ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय युवा क्षत्रिय महासभा के विधानसभा प्रभारी सीताराम ठाकुर ने बताया कि जिले के सिहोरा में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने और भवन बनाने की मांग चल रही है। इसी उद्देश्य से क्षत्रिय समाज के लोग जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत से सिहोरा में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने की मांग को लेकर गए हुए थे। जिस पर हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि आप महाराणा प्रताप से ही बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बात बोलकर उन्होंने महाराणा प्रताप का अपमान किया है। महाराणा प्रताप देश के गौरव है। उनके जैसा त्याग करना आसान बात नहीं है। हीरा सिंह राजपूत और उनका परिवार वोट बैंक की राजनीति करता है। वह पल-पल में पार्टी और जाति बदलते रहते हैं। कभी वह कहते हैं कि मैं यादव हूं। तो वह कभी कहते हैं कि मैं कुर्मी हूं। अभी वह महाराणा प्रताप बन गए ना जाने कल को और वह क्या बन जाएंगे। उन्हें इस बात के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। वहीं ज्ञापन के माध्यम से सदस्यों का कहना है कि समाज में ऐसे अभिमानी लोगों को पद पर नहीं रहना चाहिए। इस बात का क्षत्रिय समाज विरोध करता है। उनके कहे कथन पर वह समाज से माफी मांगे। यदि वह माफी नहीं मांगते हैं तो उनके खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा सदस्यों ने मांग की है कि उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में विक्रम सिंह, लोकेश सिंह, दीपेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सिंधी समाज ने सागर में झूलेलाल लोक बनाने की मांग रखी

सागर, देशबन्धु। श्री झूलेलाल चालिहा हाल में जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली की अहम बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जन्माष्टमी कार्यक्रम को सफल बनाने व सागर में झूलेलाल लोक बनाए जाने की मांग रखी गई। प्रेम पृथ्यानी, विनोद आहूजा ने बताया कि 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 5.30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। रात 8.30 बजे झूलेलाल धर्मशाला में श्री कृष्ण वेशभूषा व पोस्टकार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। लालाराम मेठवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए पीले रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को सोने का लॉकेट पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। बैठक में महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, सोनू जसवानी, दयाराम बहराणी, विनोद आहूजा, दीपांशु नागदेव, सोनू जसवानी, ममता तलरेजा सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद थे।

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री सुब्रत सागर के सानिध्य एवं आशीर्वाद से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्रज्ञा सुब्रत संघ रोगी कल्याण समिति के द्वारा किया गया एवं स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जैन, प्रशील गुप्ता, डॉ. प्रियंका, डॉ. सुमित अजमेरा, डॉ. पीके जैन ने मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं डॉ. वीरेंद्र ठाकुर सिविल हॉस्पिटल बिना ने रक्तदान शिविर में विशेष रूप से सहयोग किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान लगभग 225 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और शिविर में वर्धमान पैथोलॉजी बीना द्वारा रक्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया एवं रक्तदान शिविर में रविवार को 26 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुनिश्री सुब्रत सागर ने शिविर उपरांत आयोजक कमेटी एवं शिविर में पधारे सभी डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

नेशनल लोक अदालत 9 सितंबर को विद्युत प्रकरणों के निराकरण में छूट

सागर, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 सितंबर शनिवार को सागर में जिला न्यायालय व सभी तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएविल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत चेक बाउंस, कुटुंब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, बैंक आदि विभागों के लंबित व बैंक, विद्युत, नगरपालिका आदि के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष भट्ट ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों में छूट दी जाएगी। जिसमें निम्न दावा श्रेणी के सभी घरेलू, कृषि, 5 किलो वाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी। प्री.लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत और आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत और आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छहमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उक्त छूट केवल नेशनल लोक अदालत 9 सितम्बर में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी।

शोभा यात्रा का समाजसेवी संदीप जैन बबलू सिनेमा ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

देवरीकलां, देशबन्धु। देवरी नगर में भगवान लवकुश जयंती के अवसर पर कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा का गांधी वार्ड पार्षद कार्यालय में समाजसेवी संदीप जैन बबलू सिनेमा ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश मिश्रा, गणेश मोनू पटेल, राजेन्द्र मिश्रा, मुन्ना रावसाहब झमारा, पार्षद संजय चौरसिया, उमेश पलिया आदि उपस्थित रहे।

विधायक ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

देवरीकलां, देशबन्धु। भगवान श्री लवकुश जयंती के शुभ अवसर पर कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित भव्य चल समारोह का देवरी विधायक हर्ष यादव ने कांग्रेस परिवार सहित नगर के नगर पालिका चौराहे पर भव्य स्वागत किया। भगवान लवकुश जयंती के शुभ अवसर पर कुशवाहा समाज द्वारा आयोजित भव्य चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। वहीं देवरी विधायक हर्ष यादव ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ देवरी नगर पालिका चौराहा पर भगवान लव कुश का पूजन कर कुशवाहा समाज सभी लोगों का भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगर कांग्रेस कमेटी उपस्थिति थे।

न्यायालय द्वारा हत्या के मामले में आजीवन कारावास

देवरीकलां, देशबन्धु। हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश देवरी अनुज कुमार ने अपने निर्णय में फैसला सुनाया घटना इस प्रकार है कि 24 मार्च 2019 के सुबह 10 बजे ग्राम बिजौरा मृतक शिवचरण विश्वकर्मा अपने भाई दामोदर के साथ में रिश्तेदार गोकुल विश्वकर्मा के घर गुलाल लगाने गया था बाद में वही नत्थू विश्वकर्मा के किराने के टपरे पर आ गये टपरे पर नत्थू विश्वकर्मा ओर उनका लड़का अखिलेश था मृतक शिवचरण विश्वकर्मा ने अखिलेश से कहा कि मैं आपके लिए हर माह किश्त के पैसे देता था तुम मेरे 60000 रुपए लौटा दो तो आरोपी अखिलेश ने बोला कि तुम्हारे पैसा मेरे पास नहीं है कम्पनी पैसा देगी तो तेरे पैसा आ जायेंगे पैसा कंपनी में जमा है इसी बात पर से मृतक शिवचरण ओर आरोपी अखिलेश में तू-तू मैं मैं होकर विवाद होने लगा फिर आरोपी अखिलेश मां बहिन की गंदी-गंदी गालियां देकर कहने लगा कि तू मुझसे कहीं भी पैसा मांगता है मृतक ने गाली देने से मना किया तो आरोपी अखिलेश वहीं टपरा के पास से कतरना उठाकर जान से मारने की नियत से मृतक शिवचरण विश्वकर्मा को सिर में मारा जो मृतक शिवचरण विश्वकर्मा के सिर में दाहिने तरफ कनपटी के पास लगा और शिवचरण विश्वकर्मा वहीं जमीन पर गिर पड़ा बेहोश हो गया तभी आरोपी अखिलेश ने वही पड़ा पत्थर मारा जो चेहरे पर पड़ा मुंह कान सिर से खून बहने लगा जिसे देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल ले जाया गया। जहां शिवचरण की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। थाना महाराजपुर कि पुलिस द्वारा अपराध कायम कर जांच कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय में कुल 20 साक्षियों की साक्ष्य ली गई एवं 1 बचाव साक्षी के कथन लेख किये सभी साक्षियों की साक्ष्य के बाद न्यायालय ने आरोपी अखिलेश पिता लक्ष्मी प्रसाद विश्वकर्मा निवासी ग्राम विजौरा को हत्या का दोषी पाया जिस हेतु धारा 302 में आरोपी अखिलेश को साश्रम आजीवन सजा एवं 2000 रुपए एवं धारा 201 में 3 वर्ष का कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया जिसका प्रकरण क्रमांक 33/2019 है। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी पी एल रावत शासकीय अधिवक्ता देवरी ने की।

एकल अभियान कार्यकर्ताओं ने रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया

गौरझामर, देशबन्धु। एकल आचार्य एव संघ समिति गौरझामर द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया जिसमें समस्त बहनों ने थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाह एवं समस्त स्टाफ को राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया। थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाह ने कहा कि हमारे देश में रक्षाबंधन पर्व देश की संस्कृति का प्रतीक है भाई अपनी बहनों से रखी बधबाकर रक्षा का संकल्प का वचन देता है। कहा कि लोग आज कल संस्कारो को भूलते जा रहे है जिससे आए दिन क्राइम बड़ता जा रहा है मोबाइल हमारे जीवन का एक हिस्सा बन चुका है जिसे हमारे उपयोग के लिए और विश्व के बारे में हम ज्ञान प्राप्त कर सके इसके लिए बनाया गया है। लेकिन आज अधिकतर लोग मोबाइल का दुरुपयोग कर रहे हैं। अपने माता पिता के संस्कारों पर विशेष ध्यान रखे रक्षाबंधन कार्यक्रम के पश्चात थाना प्रभारी ने बच्चो से बात करते हुए कहा कि से डराने की जरूरत नहीं है जो समस्या हो खुल कर पुलिस को खुल बताए जिससे समस्या का निराकरण हो सके और थाना प्रभारी ने बहनों को उपहार दिए।

कविता समाज में सद्प्रेरणा संचार की महत्वपूर्ण साहित्य विधा है : चौरसिया

सागर, देशबन्धु। बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की 1494 वें क्रम तथा ऑनलाईन स्वरूप की 172 वी संगोष्ठी में मप्र के अतिरिक्त देश के विभिन्न प्रदेशों के कवि कवयित्रियों ने ऑनलाईन रुप से काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. नलिन जैन ने किया। सागर से वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मी नारायण चौरसिया की अध्यक्षता में संगोष्ठी संपन्न हुई। लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने अपने उद्बोधन प्रारंभ करते हुए कहा कि साहित्य की एक लोक प्रिय विधा के रूप में कविता सबसे प्रमुख है। सैकड़ो वर्षों से संपूर्ण विश्व में कविता लेखन चल रहा है। कविता के उद्देश्य पर मत मतांतर है एक मत सौंदर्य भाव के जागरण को उद्देश्य मानता है। अपने आसपास के जिस सौंदर्य को हम महसूस नहीं कर पाते हैं, कविता, उससे हमें साक्षात कराती है। कविता के अन्य उद्देश्य में,स्वांतरू सुखाय, एवं पर हिताय की भावना होती है। पर हिताय कविता समाज की विकृतियों एवं विसंगतियों पर प्रहार करतीं हैं। कवि शोषित वर्ग की कविता लिखकर, पाठकों में उनके प्रति दया करुणा और विद्रोह की भावना पैदा करतीं हैं। कविता का एक अन्य उद्देश्य मनोरंजन करना है तो एक उद्देश्य समाज को सद्प्रेरणा प्रदान करना भी है। संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने काव्यपाठ करते हुए कहा समस्याओं का पहाड़ टारिये, यूं आप हिम्मत न हारिये। कानों कान संदेश नहीं, षडयंत्र चलते हैं। अब भी बहुत सी आस्तीनें हैं, जहां विश्वासों के सांप पलते हैं। उडाने जब भी भरो, ऊंची ही भरो। सावधानियां केवल इतनी, त्रिशंकु न बनो। संगोष्ठी में आनलाईन स्वरूप से काव्यपाठ हेतु आमंत्रित देश के विभिन्न प्रांतों से कवि कवियित्रियां ने काव्य पाठ के द्वारा समाज को सकारात्मक संदेश की ऊर्जा से सराबोर किया। अनेक श्रोता आनलाईन उपस्थित रहें। मणीकांत चौबे बेलिहाज ने संगोष्ठी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चौरसिया तथा संचालन कर्ता डॉ. नलिन जैन सहित उपस्थित समस्त आमंत्रित कवियित्रयों कवियों तथा समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

व्रत के प्रति रुचि जागते ही, पाप के प्रति रुचि घट जाएगी : मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। व्रत पाप से बचाते हैं और जीवन को सुखी और सानंद बनाते हैं। नियम वही है जिसके प्रति हमारी निष्ठा हो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने व्रति श्रावक संगोष्ठी, समागम कार्यक्रम में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने रती, अरति, प्रगति के सूत्र समझाए। आज की भौतिकता की दौड़ में शामिल व्यक्ति व्रत से भाग रहा है। वह भूल जाता है कि किसी खेल का मजा तभी तक है जब तक नियमों से बंधे रहोगे इस तरह जीवन का आनंद लेना चाहते हो तो नियम जरूर लो, व्रतो को जीवन में अंगीकार करो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा व्रत छोटे ही सही, लेना शुरू करो। व्रत के प्रति रुचि जाग गई, तो पाप के प्रति रुचि घट जाएगी। मुनी संघ ने व्रतियों, प्रतिमाधारियों को आशीर्वाद देकर निरंतर प्रतिमा बढ़ाने, रत्नत्रय के मार्ग पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देकर मुनि, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक दीक्षा लेकर अंतिम समय संलेखना धारण करो तभी व्रत की सार्थकता है। व्रति श्रावक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ब्र. डी राकेश भैया सिद्धायत शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पं. पवन दीवान ने किया। कार्यक्रम संयोजक के जैन कुंडलपुर एवं सुनील जैन शाहगढ ने बताया विद्वानों, पंडित, ब्रह्मचारी, श्रावक श्राविकाओ में पं. सुदर्शन शास्त्री, कल्पना, आलोक चौधरी, ऋषभ ईशुरवारा आदि भक्तों ने अणुव्रतो की उपयोगिता, ग्यारह प्रतिमाओं, श्रावक धर्म का विवेचन, व्रत की भूमिका, गुणस्थान की विवेचना, आदि विषयों का वाचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलन ब. डी राकेश भैया, ट्रस्ट कमेटी कोषाध्यक्ष मनोज जैन लालो, ऋषभ भैया ईश्वर वारा, योगेश चंद जैन ढाना ने किया। भारतीयों का सम्मान ट्रस्ट कमेटी एवं वर्षा योग समिति के द्वारा किया गया संगोष्ठी में नेहा नगर दीनदयाल नगर आनंद नगर शांति विहार आदि से 50 से अधिक प्रतिमा धारी श्रावक श्राविकाओ सहित समाज के महिला, पुरुष, युवा, बालक, बालिकाओं वा संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सभी श्रद्धालुओं ने हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह, पांच पापों से बचने की शिक्षा ग्रहण की।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सागर (म.प्र.)

क्रमांक/1043/खनिज/2023 सागर दिनांक 29.8.2023

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा करने के लिए।

द्वितीय सूचना

सागर जिले में म.प्र. राजपत्र असाधारण दिनांक 22/01/2021 के पालन में गौण खनिज पत्थर (गिट्टी क्रेशर हेतु) उत्खनन पट्टो के निम्न सूची अनुसार क्षेत्रों पर ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन क्षेत्रों पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना प्रकाशित की गई थी। इन पर पुन: प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक इन क्षेत्रों पर यथास्थिति उत्खनन पट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन पत्रों का संक्षिप्त विवरण

क्र.	आवेदक का नाम व पता	आवेदन दिनांक	खनिज का नाम	ग्राम एवं तहसील का नाम	खसरा नंबर व रकवा	क्षेत्र का विवरण
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री नीरज पटेल आत्मज श्री भागीरथ पटेल निवासी ग्राम साईखेड़ा, पोस्ट पामाखेड़ी, तहसील व जिला सागर	17.07.2023	मुरम	ग्राम साईखेड़ा तहसील सागर	ख.क. 477/1 रकवा 3.00 हेक्टयर	शासकीय भूमि

(1) उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्रों में आवेदित क्षेत्रों के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 530 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

(2) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

(3) यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

(4) यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

(5) निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त ओवदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी-19151/23

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला-सागर

गांव के सरपंच और सचिव सहित अधिकारियों पर जेसीबी मशीन से काम निपटाने का आरोप

2 मजदूरों ने 12 दिनों में बना दिया डग प्वाइंट

अखंड यादव

बल्देवगढ़, देशबन्धु। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत चंदेरी खास में सरपंच एवं सचिव द्वारा शासन के नियमों का उल्लंघन कर मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। दरअसल ग्राम पंचायत चंदेरी में मनरेगा योजना से 3 लाख रुपए की लागत से ड्ग प्वाइंट का निर्माण कार्य सुनका बाबा के पास किया गया है। इस डग पॉइंट के निर्माण पर लगभग 2 लाख 20 हजार रुपया का भुगतान मजदूरों के नाम किया जाना हैं, लेकिन इस डग पॉइंट को 2 मजदूरों ने महज 12 दिनों में पूर्ण कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच और सचिव द्वारा मनरेगा योजना होने वाले निर्माण कार्य जेसीबी मशीन की मदद से कराए जाते हैं। इस निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से पूर्ण किया गया है। इस निर्माण कार्य में मनमानी किए जाने शिकायत ग्रामीणों ने जनपद सीईओ से की गई है।

शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामों में पानी के ठहराव एवं मजदूरों को ग्राम में ही मजदूरी देने के लिए अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए लाखो रुपए की राशि मनरेगा योजना से स्वीकृत करती है। जिससे ग्रामीणों को पानी के संकट में कुछ हद तक राहत मिल सके। मजदूरों को गांव में मजदूरी मिल सके, लेकिन शासन की उसी राशि का जिम्मेदारों द्वारा जमकर फायदा उठाया गया। मजदूरों के नाम पर शासन द्वारा दी गई राशि सरपंच और सचिव द्वारा फर्जी मास्टर रोल जारी करके ठिकाने लगा दिया जाता है और निर्माण कार्य आखिरकार अनुपयोगी ही साबित होता नजर आता है। ग्राम पंचायत चंदेरी के सरपंच, सचिव सहित अधिकारियों की मिलीभगत से डग पॉइंट के निर्माण को जेसीबी मशीन से पूर्ण कराया गया है।

इनका कहना है

मुझे यह जानकारी नहीं है कि यह डग पॉइंट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अगर मशीन से कराया गया है तो इसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा, सीईओ सर से शिकायत की जाएगी।

आशीष अग्रवाल सेक्टर प्रभारी उपयंत्री

यह संभव नहीं कि 3 लाख का काम केवल दो मजदूर कर दें। अगर ग्राम पंचायत चंदेरी में जेसीबी मशीन से काम हुआ है तो उसकी जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रभाष राज घनघोरिया जनपद सीईओ बल्देवगढ़

मनमानी पर उतारु शराब ठेकेदार, शिकायत के बावजूद आबकारी अधिकारियों ने साधा मौन

निर्धारित दामों से अधिक दाम चुकाने को मजबूर शराब के शौकीन

बल्देवगढ़, देशबन्धु। नगर में एवं ग्राम पंचायत कैलपुरा में स्थित देशी एवं अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान पर ठेकेदार द्वारा आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलीभगत कर मनमानी कीमत पर शराब बैची जा रही है। इस कम्पोजिट शराब दुकान से लोगों के साथ खुली लूट की जा रही है।

शासन से निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायत कई बार ग्राहक आबकारी विभाग के अधिकारियों से कर चुके हैं। आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू है। कम्पोजिट शराब दुकान बल्देवगढ़ में शराब ठेकेदार द्वारा लोगों से मनमानी वसूली हो रही है और इसी दुकान से क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध शराब का कारोबार पनप रहा है।

गौरतलब है कि कम्पोजिट शराब दुकान बल्देवगढ़ और कैलपुरा से अंग्रेजी हो या फिर देसी शराब प्रिंट रेट से 30 से 50 रुपए से अधिक दाम पर बेची जा रही है। कंपोजिट शराब दुकान पर रेट सूची चस्पा होने के बाद भी रेट सूची मानने को ठेकेदार तैयार नहीं है। आबकारी विभाग के अधिकारियों को गड़बड़ी होने की

जानकारी होने के बावजूद भी ठेकेदार और उसके कर्मचारियों द्वारा आबकारी आयुक्त के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। टीकमगढ़ जिला आबकारी अधिकारी को भी शायद आबकारी आयुक्त के आदेश की परवाह ही नहीं, क्योंकि इन ठेकेदारों पर कार्यवाही तो दूर अधिकारियों द्वारा इन शराब दुकान बल्देवगढ़ और कैलपुरा का निरीक्षण तक नहीं किया जाता है। इसी से शराब दुकान के ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं और इसका खामियाजा शराब लेने वाले लोगों को उठाना पड़ता है। देशी एवं अंग्रेजी शराब ठेकेदार द्वारा अधिक कीमत में शराब बेची जाती है। प्रिंट रेट से उन्हें कोई मतलब नहीं होता जो कि उपभोक्ताओं के साथ ठगी है। अब देखना यह है कि आबकारी अधिकारी द्वारा इस संबंध में क्या ठोस प्रयास किए जाते हैं। ग्राहक स्वामी लोधी ने बताया कि बल्देवगढ़ और कैलपुरा शराब दुकानों से एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेची जाती है। कई बार हम लोग इस बात को लेकर बहस भी कर चुके हैं लेकिन दुकानदारों द्वारा हमारे साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

इसकी शिकायतें भी कई बार अधिकारियों एवं पुलिस से कर चुके हैं लेकिन कोई सुनने वाला ही नहीं है। जब हमारी टीम बल्देवगढ़ देशी एवं अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान में कर्मचारी से रेट पूछे तब यह हकीकत सामने आई। उन्होंने बताया कि देसी शराब सादा क्वाटर 80 रुपए में और देशी मसाला क्वाटर 90 रुपए, वियर 230 रुपए, अंग्रेजी शराब का क्वार्टर 250 रुपए और आरएस की बोतल 700 रुपए में दी जाएगी। जब कर्मचारी से कहा कि आप लोग एमआरपी से ज्यादा रेट में शराब बेच रहे हैं तो उन्होंने चुप्पी साध ली। अधिकतर ग्राहकों को शराब के रेट पता होते हैं और जिन्हें नहीं पता होते हैं उन्हें हम बता देते हैं।

गौशाला में श्रीराम हर्षण स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही सेवा

टीकमगढ़, देशबन्धु। जनपद पंचायत बल्देवगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंदपुरा में श्रीराम हर्षण महिला स्व सहायता समूह गौशाला का संचालन किया जा रहा है। यहां करीब 120 गौवंश की देखभाल की जा रही है। यहां देखरेख की कमान स्व सहायता समूह की महिलाओं को दी गई है। समूह की महिलाएं यहां पर गायों की देखरेख कर रही हैं। समूह की महिलाओं का कहना है कि अब जो भी होगा वह हम करने के लिए तैयार हैं। श्रीराम हर्षण स्व सहायता समूह की महिलाएं और दो चौकीदार हैं जो की व्यवस्था देख रहे हैं। समूह की महिला श्रीमति सुखबती लोधी ने बताया कि उन्हे गौशाला की व्यवस्था की कमान दी गई है। समूह की महिलाओं ने बताया कि पशुओं के लिए गोदाम में भूसे का स्टॉक, पशु आहार (सबूना) गायों को शाम सुबह दिया जा रहा है, वही गायों को पानी पीने के लिए व्यवस्था की गई है।

जुआ खेलते पाए जाने पर 6 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के द्वारा जुआ, सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी बम्हौरी कला उप निरीक्षक रामसिया चौधरी के नेतृत्व में शनिवार 2 सितम्बर को मुखबिर की सूचना पर चौकी कनेरा थाना बम्हौरी कला पुलिस द्वारा ग्राम सिमरा खुर्द से करन सिंह पिता ठाकुरदास लोधी उम्र 42 साल, लक्ष्मी पिता काशीराम लोधी उम्र 35 साल, चंद्रभान पिता बरेलाल कुशवाहा उम्र 30 साल, कनई पिता सुकली कुशवाहा उम्र 27 साल, देशराज पिता मलू कुशवाहा उम्र 41 साल, लखन पिता मलखान कुशवाहा उम्र 30 साल सभी निवासी ग्राम सिमराखुर्द को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। इन जुआरियों के पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त कुल 4100 रूपये तथा 52 तास पत्ते जप्त किये गये। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 245/23 ब अपराध क्रमांक 246/23 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक आकाश रूसिया चौकी प्रभारी कनेरा, प्रधान आरक्षक 161 मुकेश, 117 नरेंद्र, 433 अब्दुल मुईन, आरक्षक 543 सतीश व आरक्षक 402 अविनेष की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अर्चित ने स्कूली बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

टीकमगढ़, देशबन्धु। जनशिक्षक सुनील त्रिपाठी के पुत्र अर्चित त्रिपाठी ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच मनाया। अर्चित त्रिपाठी जन्म दिन मनाने के लिए सबसे पहले पुष्पा हाई स्कूल पहुंचे और समस्त शिक्षकों का मुंह मीठा कराके आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात शासकीय माध्यमिक बालक शाला अस्तौन, माध्यमिक शाला कन्या अस्तौन, माध्यमिक शाला करमारई, प्राथमिक शाला आजादपुरा जाकर स्कूली बच्चों को बीच जन्मदिन मनाकर भोजन कराया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी अधिकारी आर एल पाराशर, एपीसी शैलेष श्रीवास्तव, संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय, जन शिक्षक अतुल भट्ट, खेमराज मांझी, संतोष पटैरिया, राजेश रजक, मनोज यादव, मनीराम अहिरवार, अमित साहू, नंदकिशोर राय सहित सुनील त्रिपाठी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। स्कूलों के बच्चों को रसगुल्ला, मीठी बूंदी, नमकीन का वितरण कर आनंद भोज के साथ जन्मदिन मनाया गया।

336 क्वार्टर शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

- लिधौरा पुलिस को मिली सफलता, खेत पर बनी टपरिया में बना रखा था स्टॉक

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लिधौरा उप निरीक्षक रघुराज सिंह को शनिवार 2 सितम्बर को जरिये मुखविर की सूचना प्राप्त हुई कि सतगुवा की नदी के किनारे जुंदन प्रजापति अपने खेत में बनी हुई टपरिया में भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुये है। सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ के मुखविर के बताये हुये खेत के पास टपरिया के अंदर एक व्यति बैठा हुआ दिखा, जिसे हमराह स्टाफकी मदद से घेराबंदी कर पकड़ा एवं नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम जुंदन पिता किशोरा प्रजापति उम्र 55 साल निवासी ग्राम सतगुवा खास का होना बताया। उक्त आरोपी टपरिया में बेचने के लिए अवैध शराब रखे हुए था, उसमे कुल 7 पेटी देशी प्लेन मदिरा डीसीआर कंपनी की रखी मिली जो कुल 336 क्वाटर कुल 60.480 लीटर व कुल कीमती 21840 रुपए की थी। जुदन प्रजापति से उक्त अवैध शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना लिधौरा पर अपराध क्रमांक 197/23 धारा 34 (2) आवकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लिधौरा उप निरीक्षक रघुराज सिंह, प्रधान आरक्षक 280 राघवेन्द्र, आरक्षक 622 अंकुल, 676 विनोद, 511 बृजेन्द्र, 495 केके, 389 बृजप्रताप, एनआरएस धर्मेन्द राजपूत, बलवान यादव का सराहनीय योगदान रहा।

अवैध रेत परिवहन करते हुए टेक्ट्रर-ट्राली जप्त

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुये थाना चंदेरा पुलिस द्वारा 2 सितम्बर को ग्राम हरकनपुरा से चालक खैमचन्द्र पिता हरनारायण कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी हरकनपुरा को लाल रंग का महिन्द्रा कम्पनी का टेक्ट्रर-ट्राली सहित अवैध रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिस पर रजिस्ट्रेशन नम्बर भी अंकित नहीं पाया गया। ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त कर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक अंकित दुबे थाना प्रभारी चंदेरा, उप निरीक्षक डीपी गौतम, आरक्षक 729 वीरन यादव, आरक्षक 455 वेदप्रकाश शर्मा, आरक्षक 519 लाखन, आरक्षक 24 राजकुमार, आरक्षक चालक 84 राजवीर सिंह भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

5 हजार का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

दिगौड़ा, देशबन्धु। थाना पुलिस द्वारा रविवार 3 सितम्बर को 5 हजार रुपए के फरार इनामी आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के आरोपी को छतरपुर जिले से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के एक मामले में आरोपी पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। आरोपी के बारे में सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम को साथ लेकर परा चौकी तिगैला जिला छतरपुर से आरोपी सत्यम यादव पिता विन्द्रावन यादव उम्र 19 साल निवासी बीरऊ को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, एएसआई कल्याण सिंह, मुन्नालाल, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, रंजीत सिंह, सादिक खान, मुकेश राय, प्रभु सिंह, आरक्षक सलमान, शैलेन्द्र, अजय, पंकज, हीरालाल व राजेश की अहम भूमिका रही।

विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे राज्यमंत्री राहुल सिंह का जनता ने किया स्वागत

विंध्यवासिनी माता के दर्शन करके लिया आशीर्वाद

बल्देवगढ़, देशबन्धु। खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी को मध्य प्रदेश शासन में राज्यमंत्री बनाए जाने के बाद रविवार को बल्देवगढ़ एवं खरगापुर में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नगर के हजारों लोगों ने जगह-जगह फूल माला पहना कर एवं पुष्प वर्षा कर बैंड बाजा के साथ जोरदार भव्य स्वागत किया गया। बल्देवगढ़ आने से पहले राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी ने विंध्यवासिनी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह खरगापुर के लिए बल्देवगढ़ से रवाना हुए। अस्पताल के पास लोगों ने स्वागत कर तुलादान किया। वही बस स्टैंड पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तुलादान किया गया।

इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नंदू चौरसिया के घर सहित नगर में लगभग पांच जगह मंत्री का तुलादान किया गया। मंत्री जी नगर में पैदल चलते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्व दीपक मिश्रा, सीएमओ अरविंद तिवारी सहित नगर परिषद के सभी लोगों ने पुष्प वर्षा कर एवं फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद बमोरी तगेला पर बीजेपी के समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद मंत्री जी का काफिला जनपद कार्यालय पहुंचा जहां पर एसडीएम विजय सेन, जनपद सीईओ प्रभास राज घनघोरिया सहित ग्राम पंचायत के सभी सचिवों एवं रोजगार सहायकों द्वारा मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री जी का स्वागत करने के लिए रविवार को भारी तेज धूप होने के बाद भी हजारों लोग उनके स्वागत के लिए दो से तीन घंटे खड़े रहे, और मंत्री जी के पहुंचते ही स्वागत किया गया।

रैकवार माझी समाज ने विधायक राकेश गिरी को सौंपा ज्ञापन

टीकमगढ़, देशबन्धु। रविवार के दिन भाजपा कार्यालय में मध्य प्रदेश माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त रैकवार माझी समाज के लोग मौजूद रहे।

आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि स्वरूप टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से रैकवार माझी समाज के पदाधिकारियों ने टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। विधायक राकेश गिरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी की जो भी मांगे हैं उन सभी को मेरे द्वारा मुख्यमंत्री तक पत्र के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही आप सभी की मांगों को पूरा कराने का हर संभव प्रयास करूगा। इस अवसर हल्काई रैकवार, सूरज रैकवार, उत्तम रैकवार, डालचंद्र रैकवार, भगवान दास रैकवार, हीरा लाल केवट सहित रैकवार माझी समाज के गणमान्यजन मौजूद रहे।

सार समाचार

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कराया 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण

दमोह देशबन्धु। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, शैल्वी हॉस्पिटल जबलपुर एवं सिटी हॉस्पिटल दमोह के संयुक्त तत्वाधान में हटा के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सुबह 11बजे से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षत्रिय महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष सतवेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर एवं सिटी हॉस्पिटल दमोह से आए हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा हटा एवं आसपास से आये हुये 500 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ बलवान सिंह राजपूत, विजय राजपूत, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राशु चौहान युवा इकाई के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार सहित जिले के क्षत्रिय महासभा के अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों की सहभागिता रही। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर किया गया। क्षत्रिय महासभा के समस्त पदाधिकारी के द्वारा चिकित्सकों का सम्मान किया गया एवं चिकित्सकों के द्वारा यह कहा गया कि वह भी आने वाले समय में इस तरीके के स्वास्थ्य शिविरो का जिले भर में आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना चाहते हैं ।

तेज धूप और गर्मी ने बढ़ाई और मुश्किलें

अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान

दमोह/पथरिया देशबन्धु। बारिश के मौसम में इस बार एक तो इन्द्र देव रूठे हुए हैं जिससे बारिश नही हो रही जिससे तेज धूप व भीष्ण गर्मी होने से एक तो लोग हलाकान है वही गर्मी में कुछ राहत पंखा कूलर से मिले तो विगत दो दिनों से अघोषित विद्युत कटौती से जनता परेशान हो रही है विभाग के अधिकारी द्वारा कटौती का कारण लोड शेडिंग बताया जा रहा है जो ऊपर से हो रहा जिसका ना तो समय मालूम रहता है कि कब और कितने देर को सप्लाई बंद रहेगी विगत दिनों रात में 10 से 11 उसके बाद रात्रि 12 से 3 व सुबह 6 से भी करीब 2 घंटे सप्लाई बंद रही ऐसे में आम जनता दिन व रात में जागरण करना पड़ रहा है। लोड शेडिंग कब तक व कितने दिन चलना है अधिकारी को भी मालूम नही ऐसे में अघोषित कटौती कब तक जारी रहेगी कोई निश्चित नही है।

इनका कहना है

लोड शेडिंग के कारण सप्लाई ऊपर से बंद हो रही है कब तक होगी कोई जानकारी नही है।
गजेन्द्र वास्केल जे.ई।

भाजपा उम्मीदवार तय, कांग्रेस बसपा में असमंजस में बना

दमोह/पथरिया देशबन्धु। भाजपा द्वारा पिछले विधानसभा चुनाव में जहां जहां भाजपा को हार का सामना करना पड़ा उनमें से 39 विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित कर दी जिसमें विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया जहां 2018 में भाजपा के लखन पटेल को 2205 मतों से बसपा की रामबाई सिंह से हार मिली थी इस बार पुन:पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिया जिसके बाद पटेल क्षेत्र में प्रचार प्रसार दीवार लेखन कार्य शुरू हो गया। वही कांग्रेस बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नही खोलें जिससे कारण सशंय की स्थिति बनी हुई है पिछले पंचवर्षीय में दूसरे स्थान पर भाजपा और निर्दलीय तीसरे व कांग्रेस चौथे नंबर पर रही जिससे अब टिकट वितरण में सोच समझकर विचार किया जा रहा है कि आखिर किस पर दांव लगाया जाए व किसको उम्मीदवार बनाया जाए। कांग्रेस में वैसे तो आधा दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार हैं पर प्रमुख 3-4 नाम है जिसमें से एक को टिकट मिलना है वही बसपा से वर्तमान विधायक मजबूत उम्मीदवार हैं फिर भी पहली सूची में पथरिया का नाम घोषित नही किया गया जिससे दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में संशय की स्थिति बनी हुई है।

फसलों का अविलंब करवाया जाए सर्वे: अजय टंडन

दमोह देशबन्धु। जिलें के किसानों की फसलें जिनमें सोयाबीन धान, उड़द की फसलें पर्याप्त वर्षो न होने के कारण सूख रही है जिसकों लेकर किसानों को हो रही समस्याओं के संबंध में विधायक अजय टंडन ने दमोह विधानसभा की बांसा ग्राम पंचायत का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया। किसानों ने बताया कि मौसम की बेरूखी के चलते और सरकार की उदासीनता के कारण उनकी फसलें बर्बादी की कगार पर है उनके खेतों में पानी है किन्तु बिजली की आंख मिचौली के चलते और घंटों कटौती होने के कारण वह सिंचाई भी नहीं कर पाते बिजली न होने के कारण रात में खेतों में घुसने पर जहरीले जीव जन्तुओं का खतरा बना रहता है सोयाबीन की फसल पीली पड़कर नष्ट हो गई है इस पर विधायक अजय टंडन ने किसानों को आस्वस्त करते हुए कहा कि वह शीघ्र ही जिला कलेक्टरएवं राज्यपाल को पत्र लिखकर किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत करायेगें और अबिलंब सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिलायेगें। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह, बृजेश पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केपी पटेल, दीपक राजपूत, राजा पठान, शैलेन्द्र सिंह सहित किसानों की उपस्थिति रहीं।

कोतवाली पुलिस द्वारा एशिया कप के मैच पर अवैध सट्टा के विरूद्ध की गई कार्यवाही

दमोह देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में थाना क्षेत्र मे अवैध सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है जो अति0 पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत द्वारा थाना कोतवाली के स्टाफ को लगातार दमोह शहर में भ्रमण करने एवं अवैध रूप से खिलाये जा रहे सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु हिदायद दी गयी। जिसके तारतम्य में दिनाँक 02.09.23 को थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत एवं कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत भारत – पाकिस्तान के मैच पर सट्टा खिला रहे आरोपी गनेश पिता गोरेलाल चक्रवर्ती उम्र 30 वर्ष निवासी शोभानगर दमोह पर कार्यवाही करते हुये आरोपी से मैच मे हारजीत का दाव लगाने के आरोपी से 4230 रूपये नगद एवं एक एड्राइड मोबाईल कीमती करीब 15000 रूपये जप्त किया गया है आरोपी गनेश चक्रवर्ती एवं एक अन्य आरोपियो के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सराहनीय कार्य निरी. विजय राजपूत, सउनि रमाशंकर प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, संजय, सूर्यकांत, कामता, आरक्षक, देबेन्द्र रहे।

आप ने कार्यकर्ता संवाद आयोजित किया

दमोह देशबन्धु। आम आदमी पार्टी दमोह की स्टार प्रचारक सुश्री चाहत मणि पांडे ने दमोह के मानस भवन में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के दमोह लोकसभा अध्यक्ष चंद्र मोहन गुरु ने अरविंद के जरीवाल की मध्यप्रदेश को गारन्टी के बारे में बताया। गुरु ने बताया आम आदमी पार्टी अगर सत्ता में आती है तो पार्टी रोजगार, अच्छी शिक्षा, उच्चतम स्वास्थ्य सेवाएं, भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश, महिला सुरक्षा एवं सम्मान की गारन्टी देने के लिए वचनबद्ध है। सटार प्रचारक चाहत पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वो तन, मन और धन से आम आदमी पार्टी और दमोह की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। जिला अध्यक्ष अनुभव गौतम ने भारत माता की जय के जोरदार नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक नए सदस्यों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के बाद दमोह इकाई ने विशाल बदलाव पदयात्रा निकाली। यात्रा अम्बेडकर चौक से शुरू होकर बैंक चौराहा होते हुए बस स्टैंड, घंटाघर , टॉकीज तिराहा होते हुए वापस मानस भवन पहुँची। बदलाव यात्रा में सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दर्शनीय रही। चाहत पांडे ने घंटाघर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पहले घंटाघर पर झाड़ू लगाई, इसी तरह अम्बेडकर चौक पर भी बाबा साहब की प्रतिमा पर मालार्पण के पहले झाड़ू लगाई। कार्यक्रम का मंच संचालन निशेष जैन ने किया।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ हड़ताल जारी

दमोह देशबन्धु। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आवाहन पर दमोह में दिनांक 28 अगस्त से समस्त तहसीलों के पटवारी कलमबंद हड़ताल पर हैं। पटवारी द्वारा बताया गया है की शासन से उनकी मांग वेतन विसंगति को दूर कराना है 2100 पे ग्रेड के स्थान पर 2800 पे ग्रेड कर दिया जाए साथ ही उन्हें मकान भाड़ा भत्ता 258 रुपया प्रति माह प्राप्त होता है उसे 3000 प्रति माह किया जावे एवं प्रत्येक माह में 300 आवागमन हेतु पेट्रोल खर्च प्राप्त होता है जो बढ़कर 3000 प्रतिमाएं किया जावे। इसी क्रम में दमोह कलेक्ट्रेट के सामने स्थित पंडाल में ग्राम बरवासा की भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुति की गई जिसमें भजन मंडली के साथ पटवारी साथी स्वीटी साहू, अपूर्वा जैन, सुषमा विश्वकर्मा, रीना ठाकुर एवं ज्योति साहू भी भजन मंडली के साथ भजन गायन में उपस्थिति रही। पटवारी संघ के हड़ताल में दमोह जिला पंचायत उपाध्यक्षी मंजू धर्मेंद्र कटारे का आगमन हुआ। उनका सभी पटवारी भाई बहनों ने आत्मीय स्वागत किया बाद में उनके द्वारा मध्य प्रदेश पटवारी संघ की मांगों का अध्ययन किया गया एवं समस्त मांगों को उचित ठहराते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से पटवारी की मांगों के निराकरण हेतु लिखे जाने हेतु कहा गया। पंडाल में बड़ी संख्या में पटवारी साथी बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपियों से जप्त की 12 मोटरसाइकिलें

दमोह देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा वाहन चोरी के अपराधियो की धरपकड हेतु एवं चोरी गये मशरूका बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन मे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत नेतृत्व मे गठित टीम की जो कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार तलाश कर थाना कोतवाली मे दिनांक 02.09.23 को अपराध क्र. 529/23,575/23, 774/23, 775/23 धारा 379 ताहि के प्रकरणो मे चोरी गयी चार मोटरसाईकिल गिरफ्तार सुदा आरोपियो से एवं अन्य स्थानो से चोरी की गयी 08 मोटरसाईकिल शु.नं. 02/23 धारा 41(1-4) जाफै. 379 ताहि मे चार आरोपी परषोत्तम पिता गोकल अहिरवार उम्र 30 साल नि. बांसा तारखेडा थाना दमोह देहात, आशीष पिता बहादुर सिह गौड उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बांसनी थाना दमोह देहात, बाबू सिह पिता नारायण सिह लोधी उम्र 33 वर्ष नि. बांसा तारखेडा थाना दमोह देहात, जयराम पिता गोटीराम कुर्मी पटैल उम्र 29 साल निवासी भौरासा थाना दमोह देहात मसरूका - 12 मोटरसाईकिल कीमती करीबन 720000 रूपये जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय कार्य निरी. विजय राजपूत, सउनि रमाशंकर, गोविन्द सिह, प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, डेलन, राजेश, लालबहादुर, संजय, सूर्यकांत, कामता, आरक्षक, देबेन्द्र, नवीन, नरेन्द्र पटैरिया, आरक्षक रामकुमार, देशराज, कृष्णकुमार, आरक्षक आकाश, योगेन्द्र यादव, विष्णु, मनोज पाण्डेय, राजेश , राजेन्द्र रहे।

आदेश जारी होने के 22 दिन बाद भी रेल्वे ने समय सारणी जारी नही कर पाई पथरिया में 3 ट्रेनों का

दमोह/पथरिया देशबन्धु। कोरोना काल के बाद पथरिया स्टेशन पर 6 ट्रेनों का स्टापेज करीब 3 वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के बाद से बंद है विगत माह 12 अगस्त को रेल्वे प्रशासन द्वारा पथरिया स्टेशन पर 3 ट्रेनों पुरी-ऋषिकेश उत्कल, रीवा-रानी कमलापति रीवाचंल, हावड़ा इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस का स्टापेज स्वीकृत का आदेश जारी किया गया आम जनता को उम्मीद जगी कि रक्षाबंधन के त्यौहार से शायद ट्रेनों का स्टापेज हो जाए तो यात्रियों को लाभ मिलें पर 22 दिन बीतने के बाद भी रेल्वे जोन मुख्यालय जबलपुर ने पथरिया स्टेशन पर समय सारणी व तारीख घोषित नही पाई कि आखिर कब से ट्रेनों का स्टापेज होगा। सोचने वाली बात है कि कोरोना काल में बंद हुए 6 ट्रेनों में से 3 ट्रेनों का पुन: स्टापेज हो रहा है कोई नया तो है फिर भी इतना समय लग रहा आखिर आदेश जारी होने के बाद इतना समय क्यों लग रहा जो समझ से परे है।

जयकारो के साथ हुआ मासिक महाआरती का आयोजन

दमोह देशबन्धु। शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में हर माह की भांति इस माह के प्रथम रविवार में जबेरा ब्लॉक के कृषि उपज मंडी में मासिक महाआरती का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। आरती का संचालन सुखदेव सिंह बंशीपुर ने किया। आरती के पहले दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवर जी के जय कारे कुमारी मोहनी ठाकुर हरदुआ व माता के जयकारे कुमारी लक्ष्मी ठाकुर चौपरा ने लगाए। आरती में बैठने वालों को सौभाग्य प्राप्त हुआ अशोक सिंह, सरजू सिंह बगलवारा, प्रीति बाई जन्मेजय कोठा, पवन चौरसिया रिछई को आरती उतारने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आरती समापन के बाद चिंतानों का संचालन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राय ने किया चिंतनों की प्रथम कड़ी में भगवती मानव कल्याण संगठन के ब्लॉक उपाध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा समाज कल्याण का कार्य किया जा रहा है उससे लोगों के जीवन में तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है संगठन से जुड़कर लोग नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त हो रहे हैं। डॉ सुजान सिंह ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि अगर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जबेरा विधानसभा से विजय होकर लौटती है तो आज तक जो कार्य कांग्रेस बीजेपी पार्टी वालों ने नहीं किया वह कर करके दिखाएंगे।

चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ यातायात जागरूकता कार्यक्रम

पन्ना, देशबन्धु। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बच्चों को यातायात सिग्नल एवं दुर्घटनाओं से बचने की उपाय बताए गए एवं दो पहिया वाहनों को हेलमेट लगाने सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने सहित विभिन्न प्रकार के रोड सिग्नल यातायात सिग्नल की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा के निर्देशन पर यातायात थाना प्रभारी सूबेदार ज्योति दुबे द्वारा चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को यातायात के दौरान लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने एवं यातायात सिग्नल का इस्तेमाल न करने से होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जानकारी दी एवं बच्चों को मूवी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया उन्होंने बताया कि भारत में लाखों की संख्या में लोग प्रतिदिन सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। पन्ना में भी सड़क हादसा में होने वाली मृत्यु के आंकड़े बहुत ही गंभीर है इनका सबसे ज्यादा कारण नियमों का पालन न करना है लोग वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। सीट बेल्ट नहीं लगाते, शराब का सेवन कर वाहन चलते हैं उन्होंने यातायात के सिग्नल जो आवश्यक सिग्नल गोला का रेड सिग्नल ब्लू सिग्नल और त्रिभुजाकार सिग्नल रोड साइन रोड पार्किंग ट्रैफिक सिग्नल के संबंध में भी जानकारी। बताई गई जानकारी के बीच-बीच में यातायात प्रभारी ने बच्चों से प्रश्न भी किये जिसका छात्र-छात्राओं ने बखूबी जवाब दिया जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्ति की। रोड पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग एवं अन्य नियमों का पालन करना चाहिए। इसके बाद ट्रैफिक सिग्नल पार्क का भी भ्रमण कराया। अवसर पर विद्यालय संचालक एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। ट्रैफिक के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहा है और प्रत्येक विद्यालयों में जाकर यातायात के नियमों को बताना और जागरूक करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

कल्दा पठार के महुआडोल में जयस की बैठक सम्पन्न

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना जिले की कल्दा पठार ग्राम महुआडोल में गत दिवस जयस की बैठक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में कल्दा क्षेत्र के विकास के संबध में चर्चा हुई तथा पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत में जयस की कार्यकारणी के गठन करने का निर्णय लिया गया। आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र से जयस का उम्मीदवार खडा किए जाने की सहमति दी गई। बैठक में कल्दा, महुआडोल, सर्रा, श्यामगिरी, जनपुरा, सकतरा, भोपार, देवरा, पिपरिया, बिहारिया, खंडेराज बछोन गुरजी, मैन्हा, जैतुपुर, सारंगपुर आदि ग्रामों से जयस संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि पिछले 70 साल से पवई विधानसभा क्षेत्र में किसी भी दल द्वारा आदिवासियों को टिकट नही दी गई। शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य की सुविधाओ से आदिवासी समाज अभी तक दूर है इसलिए अपने संगठनो को मजबूत कर अपनी लड़ाई लडनी होगी। आयोजित बैठक में जयस के ब्लॉक अध्यक्ष जीतेन्द्र प्रताप सिंह सहित सुखदेव सिंह, मन्दू आदिवासी, सुरेंद्र कोल, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, जयस रणविजय सिंह, अर्जुन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक की सख्त कार्यप्रणाली से विभाग मे हडकंप

अवैध वसूली मे लिप्त आधा दर्जन पुलिस आरक्षक निलंबित

पन्ना, देशबन्धु। नवागत पुलिस अधीक्षक एस सांई कृष्ण थोटा द्वारा पन्ना जिले की कमान संभालते ही कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त दिखने लगी है तथा लापरवाह अधिकारी कर्मचारियो पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगना शुरू हो गया है। लगातार पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त रूक अपनाते हुए अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध वसूली किसी भी हालत में बर्दास्त नही करने के निर्देश जारी शुरूआती दौर में ही किये थे। इसी का परिणाम है कि पुलिस अनुविभाग अजयगढ तथा पन्ना में अवैध शराब, जुआ सट्टा पर अंकुश लग गया है तथा पवई एवं गुनौर में सख्त होने की जरूरत है। उक्त कार्यवाही से अवैध शराब विक्रय करने वाले शराब ठेकेदार भी फरफडाने लगें है। क्योकि ठेकेदारो द्वारा विगत कई वर्षो से लगातार गांव-गांव, गली-गली में अपने गुर्गो के माध्यम से अवैध शराब विक्रय कराई जा रही थी। जिसका असर युवा पीढी पर पर रहा था। जिस पर अंकुश लगने से समाज में पुलिस के प्रति विश्वास कायम होगा। दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक श्री थोटा ने यातायात थाना तथा पुलिस थानो के माध्यम से वाहन चेंकिग के नाम पर की जा रही अवैध उगाही तथा वसूली को बंद करने के निर्देश दिये थें। लेकिन उसके बावजूद विभिन्न थानो में पदस्थ पुलिस जवानो द्वारा अवैध उगाही की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल उन्होने एक साथ विभिन्न थानो मे पदस्थ पुलिस जवानो को निलंबित करते हुए लाईन अटैच कर दिया है। जिसमें यातायात थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुनील पान्डेय, कोतवाली में पदस्थ चालक आरक्षक रवी खरे, हाईवे पुलिस चौकी में पदस्थ उमाशंकर यादव, थाना मडला में पदस्थ बृजेन्द्र रैकवार तथा देवेन्द्र नगर थाना में पदस्थ आरक्षक महरबान सिंह खंगार एवं दिलीप शर्मा शामिल है। सूत्रों द्वारा यह भी बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियो को भी कडे निर्देश जारी किये है। यदि उक्त गतिविधियां आगे जारी रहेगी तो थाना प्रभारियो पर भी कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो कि इसके पूर्व लापरवाह चौकी प्रभारी चन्दौरा तथा चौकी प्रभारी बराछ को भी लाईन अटैच किया जा चुका है। अजयगढ तथा पन्ना अनुविभाग क्षेत्र में जुआ फड एवं सट्टा, अवैध शराब पूर्ण रूप से बंद होने की जानकारी है। अभी पवई अनुविभाग एवं गुनौर अनुविभाग क्षेत्र के थानो में पुलिस अधीक्षक को सख्त रूख अपनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि पूर्व में पन्ना जिले की कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई थी जिसे सुधारने में युवा पुलिस अधीक्षक लगातार मेहनत कर रहें है तथा आम जनता के प्रति पुलिस की छवि बनाने की दिशा में कार्य कर रहें है। जिससे आम आदमी के प्रति कानून व्यवस्था तथा पुलिस के प्रति विश्वास कायम हो सकें। ज्ञात हो कि जिले में इसके पूर्व लगातार लचर कार्य प्रणाली के चलते जुआ सट्टा, अवैध शराब की गतिविधियां संचालित हो रही थी। जिस पर विराम लगाकर पुलिस अधीक्षक द्वारा कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक की कार्य प्रणाली से आम जनता द्वारा सराहना की जा रही है साथ ही पन्ना तथा अजयगढ अनुविभाग में पदस्थ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया एवं एसपी सिंह बघेल द्वारा अपने अपने अनुविभाग क्षेत्रो में कानून व्यवस्था सख्त करने की दशा में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्यवाहीयां की जा रही है। कोतवाली पन्ना में पदस्थ कार्यवाहक निरीक्षक रोहित मिश्रा की कार्य प्रणाली से जिला मुख्यालय में कोतवाली क्षेत्र की कानून व्यवस्था दुरूस्थ हुई है तथा अवैध गतिविधिया, जुआ, सट्टा, अवैध शराब पर अंकुश लगा है।

जन आशीर्वाद यात्रा

भव्य शुभारंभ

गरीब कल्याण महाअभियान

यात्रा क्रं.	संभाग	प्रारंभ स्थान	दिनाँक	मुख्य अतिथि
1	रीवा	चित्रकूट	3 सितंबर 2023	श्री जेपी नड्डा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष
2	उज्जैन	नीमच	4 सितंबर 2023	श्री राजनाथ सिंह जी, रक्षामंत्री
3	जबलपुर	मंडला	5 सितंबर 2023	श्री अमित शाह जी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
4	चंबल	श्योपुर	5 सितंबर 2023	श्री अमित शाह जी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
5	इंदौर	खंडवा	6 सितंबर 2023	श्री नितिन गडकरी जी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

10,643 किमी की यात्रा | 998 स्थान पर स्वागत | 678 रथ सभा | 211 मंच सभा | 50 बड़ी सभा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती 25 सितंबर के पावन अवसर पर
पांचों यात्राओं का भोपाल में समागम एवं कार्यकर्ता महाकुंभ होगा
जिसमें लाखों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे

देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी
कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे

भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश

फिर इस बार भाजपा सरकार

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** * प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।